PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 214 ● भिलाई, सोमवार 02 मार्च 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने 30 नामों पर लगाई मुहर, जोरहाट से चुनाव लड़ सकते हैं गौरव गोगोई

**गुवाहाटी।** आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 42 में से 30 उम्मीदवारों के नामों की सूची को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने जानकारी दी कि लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई को जोरहाट विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि असम की 42 सीटों पर कांग्रेस ने मंथन किया है, जिनमें से लगभग 30 नामों पर मुहर लग गई है और गौरव गोगोई के जोरहाट से चुनाव लड़ने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के बड़े मुस्लिम चेहरे सांसद रकीबुल हसन भी विधानसभा चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि, चुनाव की आधिकारिक घोषणा के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जाएगी। इससे पहले, जानकारी सामने आई कि 30 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रारंभिक पैनल राज्य स्तरीय जांच समिति ने जिला इकाइयों, वरिष्ठ नेताओं और पर्यवेक्षकों से परामर्श के बाद तैयार किया। बताया जाता है कि यह सूची अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (यूजीसी) की मंजूरी के लिए भेजी गई। हालांकि, कई संभावित उम्मीदवारों के जीतने की क्षमता, संगठनात्मक स्वीकार्यता और स्थानीय फीडबैक को लेकर चिंताएं भी सामने आईं।

### ईसीएचएस फंडिंग बढ़ाने और दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखकर भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए फंडिंग और दिव्यांगता पेंशन पर इनकम टैक्स को वापस लेने की मांग की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए बनाई गई। आज यह फंड की भारी कमी से जूझ रही है। 12,000 करोड़ से अधिक के मेडिकल बिल पेंडिंग हैं। बजट आवंटन जरूरत से लगभग 30 प्रतिशत कम है और पेमेंट न होने की वजह से अस्पताल इससे बाहर हो रहे हैं।

ईरान में 40 दिनों के शोक की घोषणा

# ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत

ईरान/ एजेंसी

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि आधिकारिक तौर पर हो चुकी है। ईरान के सरकारी मीडिया ने रविवार की सुबह को पुष्टि की कि खामेनेई अमेरिका-इजरायल हमलों में मारे गए। खामेनेई की मौत की खबर के बाद ईरानी सरकार ने 40 दिन के शोक का ऐलान किया। वहीं दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि देश खामेनेई की मौत का शोक नहीं मनाएगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने पर शोक नहीं मनाया जाएगा।अल्बनीज ने रिपोर्टरों से कहा, अयातुल्लाह अली खामेनेई सरकार के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम, हथियारबंद प्रॉक्सी को सपोर्ट और अपने ही लोगों के खिलाफ हिंसा और डराने-धमकाने के क्रूर कामों के लिए जिम्मेदार थे। वह ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर हमलों की प्लानिंग के लिए जिम्मेदार थे। उनकी मौत पर शोक नहीं मनाया जाएगा। वहीं, खामेनेई की मौत की पुष्टि करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान के सुप्रीम लीडर यूएस-इजरायल के संयुक्त हमलों में मारे गए, और इसे ईरानियों के लिए अपने देश पर कंट्रोल वापस पाने का सबसे बड़ा मौकाबताया। ट्रंप ने एक बयान में कहा, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, खामेनेई मर गया है। यह ईरान के लोगों



के लिए और सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के उन लोगों के लिए न्याय है, जिन्हें खामेनेई और उनके खून के प्यासे गुंडों के गैंग ने मार डाला या घायल कर दिया। खामेनेई हमारे इंटेलिजेंस और बहुत एडवांस्ड ट्रैकिंग सिस्टम से बच नहीं पाए और इजरायल के साथ मिलकर काम करते हुए, ऐसा कुछ भी नहीं था जो वह या उनके साथ मारे गए दूसरे नेता कर सकें।इस बीच, ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ बड़ा मिलिट्री कैंपेन जारी रहेगा। ट्रंप ने पोस्ट में कहा, हालांकि, भारी और सटीक बमबारी पूरे हफ्ते बिना रुके जारी रहेगी या जब तक मिडिल ईस्ट और असल में, पूरी दुनिया में शांति के हमारे मकसद को पाने के लिए जरूरी होगा! ट्रंप ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, आर्म्ड फोर्सेज और पुलिस से इम्यूनिटी के बदले अपने हथियार डालने की अपनी पिछली अपील एक बार फिर से दोहराई। वीडियो में राजधानी के दो भवनों को हवाई हमलों में पूरी तरह नष्ट होते देखा जा सकता है। इससे पहले, इस्राइली सेना ने बताया था कि वह तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकवादी शासन के लक्ष्यों पर व्यापक हमलों की एक श्रृंखला चला रही है। हमलों का उद्देश्य ईरानी प्रशासनिक और रणनीतिक ढांचे को निशाना बनाना बताया जा रहा है और यह अभियान ईरान के प्रमुख सरकारी स्थलों पर केंद्रित है।

### खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को मिली ईरान की कमान, काउंसिल ने बनाया सुप्रीम लीडर

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल हमलों में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को ईरान की लीडरशिप काउंसिल में नियुक्त किया गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर ईरानी नेता अलीरेजा अराफी को रविवार को ईरान की लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाया गया है। अलीरेजा अराफी को लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाने का मतलब है कि अराफी तब तक सुप्रीम लीडर की भूमिका निभाएंगे, जब तक असेंबली नए लीडर का चुनाव नहीं कर लेती। अमेरिका और इजरायल ने साथ मिलकर ईरान पर हमला किया है। ईरान में कई जगह मिसाइलों से हमले किए गए।

पीएम मोदी और शाह के खिलाफ एफआईआर

# आपको वकालत का लाइसेंस किसने दिया:जस्टिस सूर्यकांत

नई दिल्ली/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले वकील को फटकारा लगाई है। यह मामला नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 सीएए से जुड़ा है। हालांकि, जब वकील ने बाद में कोर्ट से वादा किया कि वह फिर कभी फालतू याचिका दायर नहीं करेगा, तो चीफजस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज कर दी और उससे खर्च वसूलने पर रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत



और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने राजस्थान हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। हाई कोर्ट ने वकील को सीएए लागू करने के खिलाफ पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और तत्कालीन कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के खिलाफ फालतू याचिका दायर करने के लिए 50,000 रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया था। सीजेआई सूर्यकांत ने वकील पूरन चंद्र सेन से यह भी पूछा, क्या हाई कोर्ट ने उन पर खर्च नहीं लगाया था आपने बैंड नहीं पहना हैऐसा लगता है जैसे आप किसी कुश्ती मैच में हिस्सा लेने आए हैं 'सीजेआई ने उन्हें डांटा, और पूछा, आप कितने साल से वकालत कर रहे हैं? जस्टिस सूर्यकांत ने वकील से पूछा कि आपको लाइसेंस देने की गलती किसने की? प्लीज़ ऐसी पिटीशन फाइल न करें।

### रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में मिला अंतरराष्ट्रीय साजिश का कनेक्शन, नेपाल से हुई थी फंडिंग


**मुंबई।** मुंबई में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले में लगातार जांच जारी है और मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े-बड़े सुराग भी लग रहे हैं। अब मामले में क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है कि शूटर्स को एटीएम के जरिए घटना को अंजाम देने के लिए मोटी रकम दी गई थी और फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने जांच को और गहन कर दिया है। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना ने अब अंतरराष्ट्रीय साजिश का रूप लेना शुरू कर दिया है।

पंजाब में धर्म परिवर्तन पर अमित शाह ने जताई चिंता

# भगवंत मान सरकार से की रोकने की अपील-अमित..

मुंबई/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नवी मुंबई के खारघर में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के मौके पर रखा गया था। इस दौरान अमित शाह ने पंजाब में हो रहे धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार और पंजाब के आम लोगों से अपील की कि वे लालच से प्रेरित इस प्रथा को तुरंत रोकें। शाह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए अपना



बलिदान दिया था। उन्होंने बहुत अत्याचार सहे लेकिन कभी झुके नहीं। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि अगर आज हम किसी लालच में आकर अपना धर्म बदलते हैं, तो हम अपने महान गुरुओं के सच्चे अनुयायी नहीं कहला सकते। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और वहां के हर धर्म के लोगों को मिलकर इस धर्म परिवर्तन को रोकना चाहिए। अपने संबोधन में शाह ने कहा, अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी न दी होती, तो आज दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले कुछ लोगों ने उनके इस बयान पर आपत्ति जताई थी, लेकिन यह एक ऐसा सच है जिसे सबको मान लेना चाहिए। इतिहास का जिक्र करते हुए शाह ने बताया कि जब मुगल शासक औरंगजेब के समय कश्मीरी पंडितों पर जुल्म हुए, तब उन्होंने गुरु तेग बहादुर से मदद मांगी थी।

ईरान के सुप्रीम खामेनेई की मौत

# पीएम नेतन्याहू ने कहा तानाशाह अब नहीं रहा

**नई दिल्ली।** इजरायल के साथ युद्ध के बीच ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई की मौत को लेकर कहा कि ईरान में अब शांति आएगी। हालांकि, शुरुआत में ईरानी मीडिया ने पीएम नेतन्याहू के दावे को खारिज किया था, लेकिन बाद में उन्होंने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि कर दी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, आज हमने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम में शामिल कई बड़े नेताओं को मार गिराया है और हम इस सरकार की कई जगहों को टारगेट करते रहेंगे। हमने उस जगह को



टारगेट किया है जहां खामेनेई थे।उन्होंने आगे कहा, यह तानाशाह अब नहीं रहा। आज सुबह हमने अयातुल्लाह सरकार के बड़े अधिकारियों, रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडरों और न्यूक्लियर प्रोग्राम के बड़े लोगों को खत्म कर दिया।

### एक ही दिन में लड़की के साथ दो बार दुष्कर्म के बाद हत्या, पहले प्रेमी ने दिया धोखा

**ओडिशा।** ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में एक 23 वर्षीय युवती के साथ एक ही दिन में दो अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया गया और बाद में उसे मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 22 फरवरी की है। 22 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे युवती अपने प्रेमी सोमनाथ ओझा के साथ घर से भागकर शादी करने की योजना बनाकर निकली थी। प्रेमी सोमनाथ ने उसे शादी का झांसा देकर जगतसिंहपुर के सरला मंदिर बुलाया था। युवती जब वहां पहुंची, तो शादी करने के बजाय आरोपी प्रेमी उसे एक सुनसान जगह पर ले गया।

सीएम ने दिए जांच के आदेश

# नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भयानक धमाका,17 की मौत, लगभग 18 घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए हैं। जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एसबीएल एनर्जी



लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बतायाकि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। नहीं हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में शव बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना असंभव था। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए लिए जा रहे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। फड़णवीस ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) और सुरक्षा के लिए रक्षा सूचना प्रणाली डीआईएसएस के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर मौजूद थीं।

चुनाव से पहले साउथ में एक्टिव हुए पीएम मोदी

# पीएम मोदी ने कहा तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्षायक भूमिका निभाएगा

पुडुचेरी/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने बीईएसटी पुडुचेरी' का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। पीएम मोदी ने कहा



कि देशभर में उच्च गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मजबूत और सशक्त युवा हमारी तरक्की की नींव है। हम सपनों को सपोर्ट करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और मॉडर्न हॉस्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विश्वविद्यालय में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया ऐसी मोबिलिटी पर फोकस कर रही है जो ज्यादा साफऔर ग्रीन हो।

अदालत का फैसला सर्वोपरि

# अब पार्टी छोड़ देश के लिए करें काम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत द्वारा कथित आबकारी घोटाले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को क्लीन चिट दिए जाने के बाद, भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के प्रणेता अन्ना हजारे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे न्यायपालिका की जीत बताते हुए केजरीवाल को सलाह दी कि वे अब व्यक्तिगत और पार्टी हितों से ऊपर उठकर देश सेवा में जुटें। अदालती फैसला और न्यायपालिका का सम्मान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार का दिन एक बड़ी



कानूनी और नैतिक राहत लेकर आया। दिल्ली की एक अदालत ने बहुचर्चित शराब नीति मामले में फैसला सुनाते हुए केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को पूरी तरह आरोप मुक्त कर दिया है। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम

CMYK

# होली पर्व पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के लिए जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर, की गई सघन चेकिंग



**बलौदाबाजार।** होली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले के 19 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों, सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले, अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के बलौदाबाजार, पलारी, लवन, भाटापारा, पटपर भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, ग्राम सुहेला तिगड्डा, हथबंद तिगड्डा, कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, सोनाखान, गिधपुरी एवं ग्राम बया सहित विभिन्न स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगायागया। इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों एवं लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में 06 वाहन चालकों को पकड़ा गया है, जो कि शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पाए गए हैं। इन सभी के वाहन विधिवत जप्त कर लिया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 127 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कियागया है। संपूर्ण अभियान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले कुल 09 लोगों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के विविधअधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

# फागुन का उल्लास: 4 मार्च को गूंजेगा भव्य हास्य कवि सम्मेलन फागुन ठहाका



**धमतरी।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर शहर में हास्य और व्यंग्य की अविरल धारा बहाने के उददेश्य से धर्मप्रेमी समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा द्वारा परंपरानुसार 4 मार्च, रात 8 बजे श्री राधाकृष्ण भवन में भव्य हास्य कवि सम्मेलन फागुन ठहाका का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित यह कार्यक्रम होली के उमंग, उल्लास और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। फागुन के रंगों के साथ जब शब्दों के रंग घुलेंगे, तब श्रोता ठहाकों की ऐसी बौछार में भीगेंगे जो लंबे समय तक यादगार बनी रहेगी।

## देशभर के ख्यातनाम कवि होंगे शामिल

*इस हास्य कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से प्रतिष्ठित कविगण अपनी सशक्त और प्रभावशाली प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में श्रृंगार एवं हास्य की सुविख्यात कवयित्री पद्मनी शर्मा दिल्ली अपनी मधुर अभिव्यक्ति और फागुनी रचनाओं से वातावरण को भावपूर्ण बनाएंगी। आगरा से पधार रहीं ओज एवं हास्य की सशक्त हस्ताक्षर योगिता चौहान अपनी चुटीली एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। राजनांदगांव से श्रृंगार एवं हास्य के लोकप्रिय कवि पदम् लोचन मुँहफट अपनी विशिष्ट शैली में व्यंग्य के तीर चलाएंगे। भिलाई से हास्य कवि एवं पैरोडी किंग आलोक शर्मा अपनी पैरोडी और समसामयिक व्यंग्य से दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर करेंगे। रायपुर से हास्य कवि रामेश्वर वैष्णव अपनी सहज और प्रभावी प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाई देंगे, वहीं सारंगढ़ से पधार रहे हास्य कवि शशि भूषण स्नेही अपनी रचनाओं से फागुन की मस्ती को दोगुना करेंगे।*

## सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का मंच

*यह कवि सम्मेलन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश भी देगा। होली जैसे उल्लासमय पर्व पर शब्दों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर व्यंग्य, रिश्तों में मधुरता का संदेश और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण इस आयोजन की विशेषता होगी। श्री राधाकृष्ण भवन में होने वाला यह कार्यक्रम शहर के साहित्य प्रेमियों, युवा वर्ग, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन समिति द्वारा मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही हैए ताकि श्रोता सहज वातावरण में कार्यक्रम का भरपूर आनंद ले सकें। आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि हृदयों को जोड़ने का उत्सव है। फागुन ठहाका के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्ग एक मंच पर आएं, हंसी के रंग में रंगें और आपसी भाईचारे को मजबूत करें। आज के तनावपूर्ण जीवन में हास्य और साहित्य मानसिक ऊर्जा का कार्य करते हैं। यदि हमारे इस आयोजन से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारी सबसे बड़ी सफलता होगी। उन्होंने आगे कहा कि धमतरी की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। हम प्रयासरत हैं कि साहित्य और संस्कृति के ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ें और स्वस्थ मनोरंजन का वातावरण प्रदान करें।*

## नगरवासियों से सहभागिता की अपील

*आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित उपस्थित होकर इस साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संध्या को सफल बनाएं। निश्चित ही फागुन ठहाका धमतरी की सांस्कृतिक परंपरा में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए होली के रंगों के साथ हंसी के रंगों को भी और अधिक प्रखर करेगा।*

# जिला मुख्यालय में आकांक्षा हाट लगाया गया जिसमे हर्बल गुलाल और स्थानीय उत्पादों की हो रही बिक्री




**गरियाबंद।** आकांक्षा हाट के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' गरियाबंद द्वारा संचालित स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने इस बार होली पर स्थानीय उत्पादों की चमक को और अधिक बढ़ाने की पहल की है। जिला मुख्यालय गरियाबंद के मुख्य बाजार, पोस्ट ऑफिस के बाजू में स्थित तिरंगा चौक पर इन महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तथा पौष्टिक मिलेट्स आधारित खाद्य उत्पादों का आकर्षक स्टॉल लगाया गया है। यह केवल एक बिक्री केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूति प्रदान करने, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्थानीय संसाधनों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्राकृतिक फूलों, पत्तों तथा जड़ी-बूटियों से हर्बल गुलाल तैयार किया है, जिसमें किसी प्रकार के रासायनिक पदार्थों का उपयोग नहीं किया गया। यह पूरी तरह सुरक्षित, त्वचा अनुकूल और पर्यावरण के लिए हितकारी है। होली के रंगों को स्वास्थ्यवर्धक और प्रकृति-संरक्षण के दृष्टिकोण से उपयोग करने की दिशा में यह एक पहल है।

आकांक्षा हाट में लगा यह स्टॉल उन ग्रामीण महिलाओं के परिश्रम और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जिन्होंने अपनी मेहनत और कौशल से उत्पादन, पैकेजिंग और विपणन तक की पूरी प्रक्रिया को संभालते हुए सामुदायिक आजीविका का मजबूत मॉडल प्रस्तुत किया है। इस होली पर जिलेवासी न केवल सुरक्षित और हर्बल रंगों का उपयोग कर एक स्वस्थ त्यौहार मना सकते हैं, बल्कि स्थानीय महिला समूहों को सहयोग देकर स्वावलंबन के अभियान को भी मजबूत कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिव्यागों के हित में की सार्थक चर्चा



**धमतरी।** दिव्यांगजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोकेश कावड़िया राज्य मंत्री दर्जा के द्वारा विधानसभा भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की मुख्यमंत्री एकमुश्त ऋण समाधान योजना एवं दिव्यांगजनों को निःशुल्क प्रशिक्षण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर निगम के डायरेक्टर सुरेश कांकरिया, प्रदीप टंडन, प्रमोद जैन, जानकी गुप्ता, आरती त्रिवेदी, निगम के प्रबंध संचालक पंकज वर्मा, सलाहकार राजेश तिवारी एवं संजीव नारंग की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर निगम के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को दिव्यांगजनों द्वारा म्यूरल आर्ट से निर्मित एक सुंदर दर्पण भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी के माध्यम से वे आत्मनिर्भर दिव्यांग एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ बनाने में निगम पूर्ण रूप से सक्रिय है।

# महिला दिवस नारी सम्मान आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास का प्रतीक : रंजना साहू

## इनरव्हील क्लब द्वारा महिला दिवस पूर्व भव्य कार रैली का आयोजन, नारी शक्ति उत्सव का दिया संदेश



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व इनरव्हील क्लब ऑफ धमतरी द्वारा शहर में भव्य कार रैली का आयोजन कर नारी शक्ति उत्सव मनाया गया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के उददेश्य से किया गया। धमतरी शहर के लिए यह गौरव का विषय रहा कि पहली बार क्लब की महिलाओं ने स्वयं नेतृत्व करते हुए कार रैली का सफल आयोजन किया। कार रैली शहर के प्रमुख मार्गों से हुआ जिसमें बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याएं आकर्षक साज.सज्जा से सुसज्जित वाहनों के साथ शामिल हुईं। रैली के माध्यम से नारी शक्ति को पहचानो, महिला सुरक्षा, समाज की जिम्मेदारी तथा मानसिक स्वास्थ्य भी है आवश्यक जैसे संदेश दिए गए। शहरवासियों ने भी इस अनूठी पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहीं। कार रैली को हरी झंडी दिखाई कार रैली में शामिल होकर क्लब की सभी सदस्याओं को बधाई दी। अपने संबोधन में रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धमतरी की महिलाओं द्वारा कार रैली का आयोजन यह दर्शाता है कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि जब महिलाएं संगठित होकर समाज में सकारात्मक संदेश देती हैं, तो वह बदलाव की बड़ी शक्ति बन जाती हैं। यह कार रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नारी सामर्थ्य, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सशक्त अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होना अत्यंत आवश्यक है। समाज की उन्नति तभी संभव है जब महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले। इनरव्हील क्लब द्वारा महिला सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उपस्थित महिलाओं में उत्साह और आत्मगौरव का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन निश्चित रूप से धमतरी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रहा है।

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्ति पर जिला पंजीयक को किया सम्मानित



**बलौदाबाजार।** जिला पंजीयन कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ जिला पंजीयक मुरारी राम भूआर्य अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला पंजीयक भूआर्य को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनायें दीं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पदस्थापना के दौरान बेहतर कार्य किया है जो अन्य अधिकारयों के लिये प्रेरणादायक है। लम्बे समय तक शासकीय सेवा में रहना और बेदाग होकर सेवानिवृत्त होना बड़ी बात है। सेवानिवृत्ति के पश्चात यही आपकी पूंजी है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवको को एक निश्चित समय पर सेवानिवृत्त होना है। इस दौरान उप पंजीयक विप्लव सहित पंजीयन कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 44807 किसानों को 158 करोड़ 30 लाख बोनस की एकमुश्त राशि अंतरित




**कुरूद।** कुरूद ब्लाक मे कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आज मैंने कुरूद के नई कृषि उपज मंडी प्रांगण मे विधायक अजय चन्द्राकर के अनुशंसा से कृषि विभाग के आमंत्रण पर मुख्य आतिथ्य के रूप मे 44807 किसानों को 158 करोड़ 30 लाख 55 हजार बोनस की एकमुश्त राशि होली त्यौहार के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से पुरे प्रदेश में एक साथ 25 लाख 28 हज़ार से अधिक किसानों को 10324 करोड़ किसानों के बैंक खातों में राशि अंतरित किया गया, इस सुअवसर पर नगर सहित कुरूद विधानसभा के समस्त कृषक बंधुओं को हार्दिक बधाईयां, होली जैसे महत्वपूर्ण मौके पर हमारे सरकार के द्वारा किसान बंधुओं की सम्मान राशि के बतौर सम्मानित करना हम सबके लिए गर्व की बात है, कार्यक्रम में अतिथि के रूप हमारे पार्टी के नेतागण, भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समस्त सोसायटी के अध्यक्षगण और पदाधिकारीगण, सभी गाँवों के किसान बंधु, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण, पत्रकारगण, सम्मिलित होकर इस ऐतिहासिक कार्यकम को सफल बनाने के लिए नगर-क्षेत्र और मुख्यमंत्री विधायक के ओर से वंदन अभिनंदन कर कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने फिल्म के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**सरायपाली।** लव स्टोरी फिल्म का अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने विरोध प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंप कर विरोध जताया। फिल्म में यादव समाज की उत्कृष्ट छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। ऐसी परिस्थितियों से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के करोड़ों समाज जनों में रोष एवं असंतोष व्याप्त है। यादव समाज सदैव राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है, ऐसे में किसी माध्यम से समाज की गरिमा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा प्रतीत होता है, जिससे स्वाभाविक रूप से समाज जनों में पीड़ा एवं रोष उत्पन्न हो रहा है। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा पूरे देश में ' यादव जी की लव स्टोरी ' फिल्म का पूरजोर विरोध कर देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, एवं छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार यादव, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, नंदू यादव, संजू यादव,रेशम यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, अंजू यादव, मयंक यादव मोंटी आदि सामाजिक जन उपस्थित थे।

# भाजपा नेताओं के प्रयास से मिली उच्च शिक्षा की सौगात, तोषगांव में खुलेगा शासकीय महाविद्यालय



**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत तोषगांव को शासकीय महाविद्यालय की सौगात मिली है। यह उपलब्धि सरायपाली विधानसभा के भाजपा नेताओं के सतत प्रयासों, दूरदर्शी सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होकर क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने जा रही है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अब सरायपाली विधानसभा क्षेत्र को मिल रहा है। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि तोषगांव में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण अवसर मिलेंगे। इससे न केवल युवाओं का भविष्य सशक्त होगा, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा और गति प्राप्त होगी। यह उपलब्धि सरायपाली विधानसभा के भाजपा नेताओं – सांसद रूपकुमारी चौधरी, महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बिपिन उपोवेजा, पूर्व विधायक द्वय त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान सहित भाजपा के प्रदेश, जिला के पदाधिकारियों के साथ साथ जिला व जनपद सदस्यों तथा मंडल अध्यक्षों के समन्वित प्रयासों का सार्थक परिणाम है। वहीं बजट 2026-27 में भी सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इनमें सड़क, पुल, पुलिया, एनीकट तथा प्रशासनिक भवनों जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं, जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को और मजबूती प्रदान करेंगे। भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश सरकार विकास और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है, और आने वाले समय में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

# कुकरेल में नवनिर्मित तहसील भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**धमतरी।** जिले के कुकरेल में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील से लाभान्वित होने वाले गांवों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली तथा नागरिकों को बेहतर और सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने भवन में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए विशेष रूप से विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्य समय.सीमा में पूर्ण कर भवन को जल्द से जल्द हैंडओवर किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को तहसील कार्यालय की सुविधाएं शीघ्र मिल सकें। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय शुरू होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा और समय व संसाधनों की बचत होगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग राठौर, एसडीएम नगरी मनोज मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विमल साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेडक्रास अंतर्गत प्रबंधकारिणी की बैठक में लिये गए अनेक निर्णय




**बलौदाबाजार।** रेडक्रॉस अंतर्गत जिला शाखा बलौदाबाजार की प्रबंधकारिणी की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला शाखा के सभापति अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस के अंतर्गत सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाने हेतु आमजनों, सर्व समाज, विभिन्न एनजीओ एवं चौंबर ऑफ कॉमर्स को जोड़ने का निर्णय लिया गया। रेडक्रॉस स्थापना दिवस 8 मई के अवसर पर जिले में वृहद रक्तदान शिविर एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को प्रबंधकारिणी की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही जिले के सभी टीबी मरीजों के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से निश्चय मित्र बनाकर फूड बास्केट के रूप में पोषण आहार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला शाखा के सुचारू संचालन हेतु कार्यालय की स्थापना तथा एक ऑपरेटर की नियुक्ति किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे जिले के कार्यों का नियमित एवं व्यवस्थित रूप से संपादन किया जा सके। आगामी वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप सभापति ललिता यादव, राज्य प्रतिनिधि संजय पटेल, सदस्य मोरध्वज श्रीवास्तव, संदीप पांडेय, अरविंद मिश्रा एवं आनंद अग्रवाल सहित सिविल सर्जन डॉ.अशोक वर्मा उपस्थित रहे।

# गांजा तस्कर के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** नारकोटिक से संबंधित अपराध में न्यायालय द्वारा कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने के उपरांत भी अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने की प्रवृत्ति में लगातार वृध्दि हो रही है। पुलिस प्रशासन के द्वारा गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों को पूर्ण करते हुए तथा एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की कार्यवाही से क्षेत्र में गांजा तस्करों को पकडकर उन्हें सजा दिलाने हेतु लगातार प्रयास के परिणाम से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विशेष न्यायालय NDPS पंकज आलोक तिर्की विशेष न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में थाना बसना के अपराध कमांक 517/2023 के प्रकरण में आरोपी दिनेश केशरवानी पिता कब्बुलाल केशरवानी निवासी जैतहरी जिला अनुपपुर (म.प्र.) को 24 सितंबर 23 को शाम 6 बजे अपने स्वीप्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 19 BJ 2391 में 100 किलो ग्राम, गांजा परिवहन करने के आरोप में अपराध सिध्द पाते हुए आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,00,000/- एक लाख रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि भुगतान न किये जाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्स स्कैंडल के नाम पर उगाही हाईकोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

**रायपुर।** सेक्स स्कैंडल में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह से जुड़े एक आरोपी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने मामले को गंभीर मानते हुए अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और कहा कि ऐसे मामलों में आरोपियों से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। मामला बलौदाबाजार के सिटी कोतवाली क्षेत्र का है, जहां एक गिरोह ने पीड़ित अमरीश साहू को झूठे सेक्स स्कैंडल में फंसाने की धमकी देकर 6 लाख रुपये की मांग की थी। डर के कारण पीड़ित ने आरोपियों को किस्तों में कुल 2.75 लाख रुपये दे दिए। जांच के दौरान सामने आया कि संकेत शुक्ला नामक आरोपी इस रकम को गिरोह तक पहुंचाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। शुरुआत में पुलिस ने उसे गवाह बनाया था, लेकिन बाद में सबूत मिलने पर उसकी संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ पूरक चालान (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल किया। सुनवाई में यह भी सामने आया कि आरोपी जांच के दौरान फरार रहा और उसके खिलाफपहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोर्ट ने माना कि वह उगाही की रकम के लेन-देन में सक्रिय रूप से शामिल था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि धमकी और जबरन वसूली जैसे सुनियोजित अपराध समाज के लिए गंभीर खतरा हैं, इसलिए आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

### दांत से काटकर छात्रा ने खुद को अपहरणकर्ता से बचाया

**रायपुर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण की कोशिश की गई। वारदात में पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्टेशनपारा में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत नाबालिग छात्रा जब स्कूल जा रही थी तो प्रातः दस बजे कार में सवार चार युवक उसे रोककर कुछ सुंघने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन छात्रा ने युवक का हाथ दांत से काट दिया और हाथ छूटते ही वह तेजी से विद्यालय में प्रवेश कर गई और शिक्षक को घटना की जानकारी दी। शिक्षक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल परिजनों को इस मामले की जानकारी दी और पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। नाबालिग छात्रा के अपहरण की कोशिश जैसी घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई और अनहोनी की आशंका से लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। अपहरण और किसी अनहोनी के खबर ने पुरे विश्रामपुर में डर का माहौल पैदा कर दिया पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए पूछताछ शुरू करते हुए आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगी और शक के आधार पर एक कार को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करने लगी। नाबालिक बच्ची व परिजनों सहित स्कूल के टीचर से पूछताछ में पुलिस को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं होने व नाबालिक लड़की द्वारा अपने बयान को बार-बार बदलने पर पुलिस को संदेह होने लगा।

### मठपुरैना निवासी से लाखों की ठगी

**रायपुर।** महज 25 मिनट में अज्ञात ठग ने बैंक एकाउंट से 1.23 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। मठपुरैना ज्योतिनगर निवासी पुष्पेंद्र साहू ने कल शाम टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 12.41 से 1.07 बजे के बीच अज्ञात एकाउंट होल्डर ने पुष्पेंद्र के खाते से 4 बार में 1.23 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। कल इसकी भनक लगने पर उसने 318-4 के तहत मामला दर्ज कराया। इसी तरह से पुलिस आरक्षक की पत्नी से साइबर ठगों ने ढाई महीने पहले 1.89 लाख रुपए ठग लिए।9563211900 नंबर के अज्ञात कालर ने 1 दिसंबर को दोपहर महिला को काल कर आनलाइन मार्केटिंग में डबल मुनाफे का झांसा दिया।- घर बैठे फायदे का काम समझ कर महिला झांसे में आकर उसके भेजे लिंक को क्लिक किया और ठग ने रकम ट्रांसफर कर लिया । जब मुनाफा नहीं मिला तो ठगे जाने का अहसास हुआ। यह रकम महिला के एसबीआई और पोस्ट आफिस के खाते से ट्रांसफर किया। सिविल लाइन थाने के पास कालोनी में रहने वाले आरक्षक मुकेश साहू ने आज दोपहर पत्नी के साथ हुई ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मुख्यधारा की ओर बढ़ते कदम: चौगेल पुनर्वास केंद्र में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने हर्बल गुलाल निर्माण से लिखी कहानी

रायपुर। जीवन में सकारात्मकता और सृजनात्मकता से दूरगामी परिणाम मिलते हैं। कभी हिंसा की राह पर चलने वाले आत्मसमर्पित माओवादी अब नवाचार की ओर आगे बढ़ रहे हैं तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण लेकर अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार रहे हैं। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड मुख्यालय से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) स्थित पुनर्वास केंद्र आज सकारात्मक परिवर्तन और आत्मनिर्भरता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिटी गैस अवसंरचना का किया शुभारंभ

# हरित छत्तीसगढ़,स्मार्ट छत्तीसगढ़ की दिशा में बड़ा कदम-सीएम साय......

■ स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है सिटी गैस परियोजना : मुख्यमंत्री श्री साय

■ मेट्रो शहरों की तरह डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगी गैस

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएनजी युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और रायपुर नगर निगम की पहली पाइपलाइन गैस उपभोक्ता श्रीमती पूनम चौबे से संवाद कर घरेलू उपयोग में पाइपलाइन गैस की सुविधा के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है और इन वर्षों में प्रदेश ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सिटी गैस अवसंरचना परियोजना इस विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नई सुविधा नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब मेट्रो शहरों की तर्ज पर डीपीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) के माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन से गैस उपलब्ध होगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को रिफिलिंग की झंझट से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सस्ती और सुलभ ऊर्जा मिलने से उद्योग क्षेत्र को भी गति मिलेगी तथा प्रदेश में निवेश की संभावनाएं सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री ने एचसीजी समूह को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे रायपुर सहित बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में शीघ्र ही सीएनजी स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों में सीएनजी के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और आम नागरिकों के ईंधन खर्च में भी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट में अधोसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों और प्रदेशवासियों को मेट्रो शहरों जैसी सुविधाओं का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, इस दिशा में सरकार ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे स्वच्छ ईंधन अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें और हरित, विकसित एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दें।

## हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया हथियार और हजारों नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार

रायपुर। संवाददाता

रायपुर में सूखे नशे के खिलाफ चल रही जंग में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कालीबाड़ी नेहरू नगर इलाके में लंबे समय से जमे अवैध नशे के साम्राज्य को ध्वस्त करते हुए कुख्यात हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया और उसके भाई संजू को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के कब्जे से 6 किलो 119 ग्राम गांजा, 2400 नग अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस पूरे नेटवर्क का सिरा 24 फरवरी की कार्रवाई से जुड़ा, जब सिटी कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर नरैया तालाब क्षेत्र में गांजा की फुटकर बिक्री करते हुए अब्दुल जाफर और सुनील जगत को रंगे हाथों पकड़ा था। पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर कालीबाड़ी क्षेत्र में नाले के पास बने एक हाईटेक हाइडआउट पर दबिश दी गई। यहां से करीब 7 किलो 397 ग्राम गांजा, भारी मात्रा में प्लास्टिक झिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, वाई-फाई उपकरण, सीसीटीवी कैमरे और मोशन सेंसर बरामद हुए। पुलिस के अनुसार यह अड्डा कार्रवाई से बचने के लिए आधुनिक तकनीक से लैस किया गया था। अब्दुल जाफर के खिलाफ पहले से 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसके बाद 25 और 26 फरवरी की दरम्यानी रात मुखबिर की सूचना पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और सिटी कोतवाली थाना की संयुक्त टीम ने नरेश्वर मंदिर, नरैया तालाब क्षेत्र में सुनियोजित दबिश दी। इसी कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहा मुख्य सरगना मुकेश बनिया अपने भाई संजू के साथ धर दबोचा गया। बताया जा रहा है कि मुकेश बनिया लगातार मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उड़ीसा में ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन आखिरकार पुलिस के जाल में फंस गया। आपराधिक इतिहास खंगालने पर मुकेश बनिया के खिलाफ31 से अधिक मामले दर्ज पाए गए हैं।

## पीएम सूर्य घर से रोशन हो रहा प्रधानमंत्री आवास......

■ शासन की योजनाओं से चमन लाल का परिवार बना आत्मनिर्भर

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत बड़े कनेरा निवासी चमन लाल पवार का परिवार आज शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेकर आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी रहा है। कभी कच्चे मकान में रहने वाला उनका परिवार अब पक्के, सुरक्षित एवं सौर ऊर्जा से रोशन घर में निवास कर रहा है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन का परिणाम है। जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं जागरूकता के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचाया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पवार वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात में छत से पानी टपकना और दीवारों का कमजोर होना आम समस्या थी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास की स्वीकृति प्राप्त होने के साथ उन्हें आवास निर्माण में मनरेगा के अंतर्गत 95 मानव दिवस का भी लाभ प्राप्त हुआ, जिससे निर्माण कार्य में आर्थिक संबल मिला और मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित हुआ। आज उनका घर सुरक्षित, स्वच्छ और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त है। चमन लाल के परिवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ, जिससे अब उनका परिवार धुएँ से मुक्त रसोई में खाना बना रहा है।

### ई-रिक्शा से बच्चों को विद्यालय पहुंचाकर स्वावलंबन की मिसाल बनीं गीता दीदी



5.10 किलोमीटर सड़क निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति

## श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से ग्रामीण संपर्क को नई रफ्तार..

रायपुर/ संवाददाता



प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई दिशा देते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों को बड़ी सौगात मिली है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल भौतिक संरचना नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला है। मजबूत और सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि सूरजपुर जिला के पहाड़गांव से गोपालपुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-43 तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 5.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पुल-पुलिया सहित किया जाएगा। यह सड़क क्षेत्र के अनेक ग्रामों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग के रूप में विकसित होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधा और सुगम जुड़ाव सुनिश्चित होगा। इस सड़क निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनेगा। किसानों को अपनी उपज बाजार तक समय पर पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक आवागमन में आसानी होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी। साथ ही स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### स्टीन फाइल विवाद पर दंतेवाड़ा में उबाल, महिला कांग्रेस ने फूंका हरदीप सिंह पुरी का पुतला

**रायपुर।** स्टीन फाइल मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम सामने आने के बाद दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मंत्री हरदीप ड्क्षसह पुरी का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। जिला मुख्यालय में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताएं शामिल हुईं। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफनारेबाजी की और कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं होती तब तक संबंधित मंत्री को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं तुलिका कर्मा ने कहा कि यदि किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का नाम किसी गंभीर दस्तावेज या कथित फाइल में सामने आता है तो लोकतांत्रिक मर्यादा और नैतिकता के आधार पर उन्हें स्वयं आगे आकर जांच का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जवाबदेही तय होना आवश्यक है अन्यथा जनता का विश्वास कमजोर होता है।

## आएगा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुशासन.....

■ गैर शिक्षकीय कार्य में लगे शिक्षकों को कार्यमुक्त करने डीपीआई का आदेश

रायपुर। संवाददाता

सुशासन सरकार में, एक और बड़ा एवं सही फैसला हुआ है। अब कामचोर और राजनीति के नाम पर रायता फैलाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की की गाज गिरेगी। जिन शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में लगा दिया गया है, उन्हें कार्यमुक्त करने का आदेश शासन स्तर पर जारी हुआ है। यह आदेश शिक्षा व्यवस्था में सुशासन लाने में मददगार साबित होगा। बस्तर जैसे क्षेत्र में इसलिए भी यह आदेश अहम है क्योंकि सरकार धुर नक्सल मुक्त जगरगुंडा को एजुकेशन हब बनाने में लगी है। शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्यों पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों और कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर मूल संस्था में उपस्थिति देने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में डीपीआई ने सभी संयुक्त संचालकों, शिक्षा संभाग तथा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट आदेश भेजा है। जारी निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत कई शिक्षक एवं कर्मचारी अपने मूल दायित्वों से हटकर अन्य कार्यालयों और संस्थानों में गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न हैं, जिससे स्कूलों में पठन-पाठन और शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

राजधानी रायपुर में होगा भव्य प्रवासी छत्तीसगढ़िया सम्मेलन

# मोर माटी,मोर मान की थीम पर होगा छत्तीसगढ़िया आगाज

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर हुई बैठक

रायपुर/ संवाददाता

मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज विधानसभा स्थित समिति कक्ष में प्रवासी छत्तीसगढ़िया सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनसंपर्क विभाग के सचिव श्री रोहित यादव और आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि रायपुर साहित्य महोत्सव की तरह ही नवा रायपुर में आगामी 27 और 28 मार्च को भव्य प्रवासी छत्तीसगढ़िया सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में विदेशों में रह रहे छत्तीसगढ़ के निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए पोर्टल भी तैयार किया गया है, इस पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है । सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी लोक परंपरा व संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मुख्य सचिव श्री विकासशील ने कहा कि विदेशों में रह रहे छत्तीसगढ़ वासियों को यहां के लोगों से जोड़ने की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने प्रवासी छत्तीसगढ़िया सम्मेलन के आयोजन को राज्य और प्रवासियों दोनों के लिए एक बेहतर अवसर बताया । मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि समिट में आने वाले प्रवासी छत्तीसगढ़ वासियों को उनकी आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । मुख्य सचिव ने सम्मेलन के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम में सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने विदेशों में रह रहे छत्तीसगढ़ के ऐसे लोग



जो अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहे हैं उन्हें सम्मानित करने की भी बात कही। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में आने वाले विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ छत्तीसगढ़ियों से यहां के युवाओं का मार्गदर्शन सत्र भी रखा जाये जिनसे उन्हें लाभ प्राप्त हो । विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए प्रवासियों को यहां निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस मौके पर यदि प्रवासी नागरिक किसी भी सेक्टर में निवेश अथवा कार्य करने की सहमति प्रदान करते हैं तो उनसे एमओयू भी किया जाएगा। प्रवासी छत्तीसगढ़िया सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी परोसा जाएगा। बैठक में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक , आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ,उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार,स्टेट कैपिटल रीजन के सीईओ श्री अंकित आनंद, , उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, सचिव गृह श्रीमती नेहा चंपावत, ग्रामोद्योग विभाग के सचिव श्री श्याम धावड़े, श्री चंदन कुमार, संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# लोगों के अधिकारों पर भारी पड़ रहे सोशल मीडिया

आज एक मोबाइल नंबर लेने से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक, हर जगह संबंधित व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। कुछ मामलों में तो बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य है, अगर वह तीसरे पक्ष के हाथ लग जाए तो और भी कई तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने भी इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की जाती हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। आज के तकनीकी दौर में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हर किसी के लिए एक जरूरत बन गया है। ऐसे में डिजिटल सुविधाओं ने भले ही हमारे कई कार्यों को आसान बना दिया है और सूचना के प्रवाह को तेज कर दिया है, लेकिन इससे उपजे खतरों में निजता की रक्षा का मसला भी गंभीर है। अब ज्यादातर हाथों में स्मार्ट मोबाइल है और इंटरनेट की सुलभता ने सोशल मीडिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। मगर, डिजिटल साक्षरता के अभाव में बहुत कम लोग यह समझ रखते हैं कि सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए वे जो निजी जानकारी संबंधित मंच के साथ साझा करते हैं, वह उनकी सहमति के बिना किसी तीसरे पक्ष को उपलब्ध कराई जा सकती है या उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसी तरह के एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को 'मेटा प्लेटफार्म्स इंक' और 'वाट्सऐप' को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि कोई भी कंपनी या मंच निजी जानकारी साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते।गौरतलब है कि आज एक मोबाइल नंबर लेने से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक, हर जगह संबंधित व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। कुछ मामलों में तो बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य है, अगर वह तीसरे पक्ष के हाथ लग जाए तो और भी कई तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं। यानी एक व्यक्ति की निजी जानकारी इतनी जगह चली जाती है कि वह तीसरे पक्ष के साथ कहां से साझा की गई, इसका पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है। सोशल मीडिया मंच पर भी यह जोखिम बना रहता है, क्योंकि ज्यादातर उपयोगकर्ता उनके नियम-शर्तों से अनभिज्ञ होते हैं।शीर्ष अदालत ने भी इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की जाती हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। व्यक्तिगत पहचान सुनिश्चित करने और गैर कानूनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निजी जानकारी की जरूरत की दलील दी जाती है, लेकिन निजता के अधिकार का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है।**

# विकास का संकल्प- ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

(ललित गर्ग)

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरुआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना', मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है। ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे। परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की



जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं।

सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो। यह भी सच है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास का वास्तविक आकलन कठिन हो जाता है। नई सरकार ने पूर्ववर्ती शासन की कमियों-जैसे कथित भ्रष्टाचार, अधूरी इमारतें, प्रदूषण नियंत्रण में विफलता को सुधारने का दावा किया है। किंतु जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देखना चाहती है। आने वाले वर्षों के लिए सरकार के सामने स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए-स्वच्छ वायु, स्वच्छ यमुना, सुगम यातायात, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन। राजधानी होने के नाते दिल्ली को केवल भारत का प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श शहरी मॉडल बनना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि बजट में आवंटित राशि का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग हो, परियोजनाएं समयबद्ध पूरी हों और जनभागीदारी को प्रोत्साहन मिले।

ट्रिपल इंजन सरकार का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब समन्वय का लाभ जमीन पर दिखाई दे। केंद्र और राज्य के बीच टकराव की राजनीति के स्थान पर सहयोग की भावना यदि कायम रहती है, तो दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकती है। एक वर्ष में कुछ सकारात्मक संकेत अवश्य मिले हैं, परंतु अभी लंबी यात्रा शेष है। सरकार को अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के साथ-साथ कमियों का ईमानदार आत्ममंथन भी करना होगा। दिल्ली की जनता जागरूक है और अपेक्षाएं भी बड़ी हैं। वह केवल वादों से संतुष्ट नहीं होगी, उसे परिणाम चाहिए। यदि रेखा गुप्ता सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो आने वाले वर्षों में दिल्ली सचमुच एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और आधुनिक महानगर के रूप में उभर सकती है। यही समय है जब बजट की घोषणाओं को विकास की वास्तविक कहानी में बदला जाए और राजधानी को समस्याओं के प्रतीक से समाधान के मॉडल में परिवर्तित किया जाए।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जो आज है, वह कल नहीं रहेगा

(सुंदरचंद ठाकुर)

जीवन का सबसे अनदेखा सत्य यह है कि कुछ भी स्थायी नहीं है। जो अभी है, वह अगले ही क्षण बदलने की प्रक्रिया में है। फिर भी हम हर अनुभव को स्थायी मान लेते हैं। जो दुख अभी दिल पर रखा है, हमें लगता है वह हमेशा रहेगा। जो सुख अभी मिला है, हम चाहते हैं वह कभी छिने नहीं। और इसी चाह और भय के बीच हम थकते रहते हैं। थोड़ा ठहर कर देखिए। पांच वर्ष पहले जो बात आपको तोड़ रही थी, आज वह स्मृति भर है। जिस व्यक्ति के जाने से जीवन रुकता हुआ लगा था, उसके बिना भी जीवन चल पड़ा। जिस असफलता ने आपको शर्मिंदा किया था, वही शायद आज आपकी परिपक्वता का कारण है। इसका अर्थ यह नहीं कि दुख छोटा था। उसका अर्थ केवल इतना है कि दुख भी स्थायी नहीं था।

मन की प्रकृति ही बदलना है। सुबह जो विचार आते हैं, शाम तक बदल जाते हैं। कभी बिना कारण खुशी, कभी बिना कारण उदासी। मन बादलों की तरह है। बादल आकाश में आते हैं, आकार लेते हैं, घिरते हैं, बरसते हैं और फिर छंट जाते हैं। लेकिन आकाश बना रहता है। समस्या तब शुरू होती है जब हम स्वयं को बादल मान लेते हैं और भूल जाते हैं कि हम आकाश भी हैं। सुख और दुख मन की अवस्थाएं हैं। वे आते हैं और चले जाते हैं। पर हमारे भीतर एक ऐसी जगह है जो नहीं बदलती। वही साक्षी है। वही वह शांत केंद्र है जहां से हम अपने विचारों, भावनाओं और प्रतिक्रियाओं को देख सकते हैं। जब कोई आपको अपमानित करता है, भीतर गुस्सा उठता है। जब कोई प्रशंसा करता है, भीतर प्रसन्नता उठती है। पर क्या आपने कभी यह देखा है कि इन दोनों को देखने वाला भी कोई है?



यदि आप केवल दो क्षण के लिए अपनी ही मनःस्थिति को देख लें, बिना उसमें डूबे हुए, तो एक अद्भुत स्वतंत्रता अनुभव होगी। जैसे आप नदी में नहीं, किनारे पर खड़े हों। नदी बहती रहेगी। लहरें उठेंगी। पर आप बहेंगे नहीं। यही साक्षी भाव है। इसका अर्थ यह नहीं कि जीवन से भाग जाना है। इसका अर्थ यह भी नहीं कि भावनाएं खत्म हो जाएंगी। भावनाएं आएंगी, क्योंकि वे मानव होने का स्वाभाविक हिस्सा हैं। अंतर केवल इतना होगा कि आप उनसे चिपकेंगे नहीं। आप जानेंगे कि यह भी बदलेगा। अभी जो भारी है, वह हल्का होगा। अभी जो सुखद है, वह भी बदल जाएगा।

जीवन का हर क्षण परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। यही उसका नियम है। इसी नियम को न समझने से पीड़ा जन्म लेती है। हम बदलती चीजों को पकड़कर स्थायी बनाना चाहते हैं। पर जीवन को पकड़ा नहीं जा सकता। उसे केवल जिया जा सकता है। जब आप साक्षी में टिकते हैं, तब एक अजीब शांति भीतर उतरती है। तब आप दुख में भी टूटते नहीं और सुख में भी बहकते नहीं। तब आप जीवन को उसके बदलते रंगों सहित स्वीकार करते हैं। जो आज है, वह कल नहीं रहेगा। पर जो देख रहा है, वह रहेगा। और वह आप ही तो हैं। और जब यह समझ भीतर उतर जाती है कि बदलना ही जीवन का स्वभाव है, तब शिकायतें कम होने लगती हैं। तब हम हर अनुभव को शिक्षक की तरह स्वीकारते हैं। तब हम पकड़ना छोड़ देते हैं और बहना सीख जाते हैं। और बहते हुए भी भीतर स्थिर रहना सीख जाते हैं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं>

# सिर्फ छाती में दर्द ही नहीं, डॉक्टर ने बताए ये पांच अजीब संकेत जिन्हें आप कर रहे हैं नज़रअंदाज

**एमडी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिमित्री यारानोव ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करके दिल के रोगों से जुड़े कुछ लक्षण बताएं हैं जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। जब दिल से जुड़ी बीमारी विकसित होती है, तो शरीर कुछ संकेत देने लगता है। सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द या असहजता है, जो अक्सर बीच में या बाईं ओर महसूस होता है। बिगड़ती जीवनशैली और असंतुलित खानपान हृदय रोगों के खतरे को तेजी से बढ़ा रहे हैं। तला-भुना भोजन, अधिक नमक, ट्रांस फैट और जंक फूड का नियमित सेवन धमनियों में वसा जमा होने की प्रक्रिया को तेज करता है।**

(साहना नूर)

शारीरिक गतिविधि की कमी, घंटों बैठकर काम करना, बढ़ता मोटापा, धूम्रपान और लगातार तनाव भी दिल की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हृदय रोगों के पीछे एक बड़ा कारण शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड स्तर है। जब खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल धमनियों की दीवारों पर जमने लगता है, तो ब्लॉकेज बनने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, ट्राइग्लिसराइड का उच्च स्तर रक्त को गाढ़ा बनाकर हृदय पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। समय के साथ यह स्थिति हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

जब दिल से जुड़ी बीमारी विकसित होती है, तो शरीर कुछ संकेत देने लगता है। सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द या असहजता है, जो अक्सर बीच में या बाईं ओर महसूस होता है। यह दर्द दबाव, जकड़न, भारीपन या जलन जैसा लग सकता है। कई बार ये दर्द कुछ मिनटों में ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी लंबे समय तक बना रह सकता है। एमडी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिमित्री यारानोव ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करके दिल के रोगों से जुड़े कुछ लक्षण बताएं हैं जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। डॉ. यारानोव ने हार्ट डिजीज के 5 सबसे अजीब और आमतौर पर नजरअंदाज किए जाने वाले चेतावनी संकेत साझा किए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आपका दिल किसी परेशानी में हो सकता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक के कौन-कौन से लक्षण है जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं।

**हार्ट अटैक के आमतौर पर दिखने वाले लक्षण**

**छाती में दर्द होना**

**सांस लेने में कठिनाई होना या सांस फूलना**

**बेचैनी या घबराहट का अनुभव**

**पसीना आना**

**मतली या उल्टी महसूस होना**

**चक्कर आना या बेहोशी जैसा लगना शामिल है।**

**जबड़े या दांतों में दर्द होना**

कभी-कभी हार्ट अटैक का दर्द सिर्फ सीने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जबड़े, गर्दन, कंधे या दांतों तक फैल सकता है। कई लोग इसे दांतों की सामान्य समस्या समझकर अनदेखा कर देते हैं, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। अगर जबड़े का दर्द अचानक शुरू हो, दबाव या जकड़न जैसा लगे और साथ में पसीना, घबराहट या सांस फूलना भी हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

अत्यधिक थकान होना बिना ज्यादा शारीरिक मेहनत के असामान्य थकान महसूस होना दिल की कमजोरी का संकेत हो सकता है। यदि रोजमर्रा के छोटे काम, जैसे सीढ़ियां चढ़ना या चाय बनाना भी मुश्किल लगने लगे, तो यह सामान्य थकावट नहीं हो सकती। खासकर महिलाओं में हार्ट डिजीज का यह शुरुआती लक्षण माना जाता है। लगातार कमजोरी, चक्कर या सांस फूलने के साथ थकान हो तो चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है।

**मसूड़ों में सूजन और दर्द:** रिसर्च बताती है कि मसूड़ों की बीमारी, खासकर पीरियोडोंटाइटिस, का सीधा संबंध हृदय स्वास्थ्य से हो सकता है। मसूड़ों में सूजन, खून आना या दर्द केवल दंत समस्या नहीं है। बैक्टीरिया खून के जरिए दिल तक पहुंचकर सूजन बढ़ा सकते हैं और धमनियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए बार-बार मसूड़ों में संक्रमण या सूजन दिखे तो डेंटल चेकअप के साथ हार्ट हेल्थ की जांच भी करानी चाहिए। **पैरों और टखनों में सूजन:** जब दिल



प्रभावी ढंग से खून पंप नहीं कर पाता, तो शरीर के निचले हिस्सों जैसे पैर, टखने और पंजे में तरल पदार्थ जमा होने लगता है। इसे एडिमा कहा जाता है। यदि सूजन लगातार बनी रहे, जूते तंग लगने लगें या दबाने पर गड्ढा पड़ जाए, तो यह हार्ट फेल्योर का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में देरी किए बिना डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। खर्राटे और स्लीप एपनिया सोते समय तेज खर्राटे लेना या सांस का बार-बार रुकना स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। यह स्थिति शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है और दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती है। लंबे समय तक अनुपचारित रहने पर यह हाई ब्लड प्रेशर, अनियमित धड़कन और हार्ट डिजीज का जोखिम बढ़ा सकता है। यदि नींद के दौरान सांस रुकने, घुटन या दिन में अत्यधिक नींद आने की समस्या हो, तो जांच जरूरी है। (नोटःयह लेख केवल सामान्य जानकारी और जागरूकता के उद्देश्य से लिखा गया है। इसमें दी गई जानकारी चिकित्सा विशेषज्ञों या शोध रिपोर्टों पर आधारित हो सकती है, लेकिन यह किसी भी तरह से पेशेवर चिकित्सा सलाह, निदान या उपचार का विकल्प नहीं है।

### नगर पंचायत का अल्टीमेटम

## बकाया टैक्स भरें, वरना सार्वजनिक होगी सूची फिर करेंगे नीलामी




**केशकाल।** नगर पंचायत केशकाल ने बकाया करों की वसूली को लेकर अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाया है। राज्य शासन के निर्देशों के बाद प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि फरवरी माह के अंत तक टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी और उनकी चल-अचल संपत्ति की नीलामी कर वसूली की जाएगी। नगर पंचायत केशकाल के सीएमओ नामेश्वर कुमार कावडे ने जानकारी दी कि जिन करदाताओं ने पिछले वित्तीय वर्ष से संपत्ति कर, जलकर एवं दुकान किराया जैसे अनिवार्य शुल्कों का भुगतान नहीं किया है, उन्हें छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164 के तहत अंतिम नोटिस जारी किए जा चुके हैं। 01 मार्च 2026 से सभी बड़े बकायादारों के प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। धारा 165 के प्रावधानों के तहत न्यायालयीन प्रक्रिया प्रारंभ होते ही संबंधित करदाताओं की पेशी होगी और बकाया राशि की वसूली के लिए उनकी संपत्ति की कुर्की एवं नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से लंबे समय से कर अदायगी में लापरवाही बरतने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।सीएमओ नामेश कावड़े ने अपील करते हुए कहा कि हमारी राजस्व टीम लगातार करदाताओं के संपर्क में है।

वैधानिक और अदालती कार्रवाई की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समय रहते अपने करों का भुगतान करें। शहर के विकास में भागीदार बनें और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना बकाया राशि जमा कर सम्मानजनक नागरिक की भूमिका निभाएं।

## पशुपतिनाथ मंदिर की 15 वां स्थापना दिवस भक्तिभाव के साथ सम्पन्न, विशाल भण्डारे का किया गया आयोजन



**किरंदुल।** ग्राम पंचायत कोड़ेनार स्थित पशुपतिनाथ मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर स्थापना के 15 वीं वर्षगांठ का आयोजन 28 फरवरी शनिवार विधिवत पूजा अर्चना व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।सर्वप्रथम सुबह 10 बजे महामृत्युंजय मंत्र रुद्राभिषेक, पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ जिसमें श्रद्धालुगण व गायत्री परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए।तत्पश्चात दोपहर 01 बजे महाभण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जनगणना के प्रथम चरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**कोण्डागांव।** जनगणना-2027 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना में कहा कि सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में जनगणना निदेशालय रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर्स हिरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चरणबद्ध विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकान गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक होगा। इस बार जनगणना में डाटा संकलन केवल डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान मकानों सूचीकरण, फील्ड में डाटा संकलन, एचएलओ मोबाइल एप से डाटा की प्रविष्टी के साथ चार्ज अधिकारियों के दायित्व सहित जनगणना के दौरान आने वाले समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया।

## किसानों का 10.000 करोड़ रुपए एक मुश्त भुगतान



**पखांजूर।** कृषि, राजस्व, सहकारिता एवं संबंधित विभाग द्वारा विकासखंड कोयलीबेड़ा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर अंतर्गत कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन सद्भावना भवन पखांजूर में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा के तीनों मंडल अध्यक्षों सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कृषक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पात्र किसानों को योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की गई। अपने संबोधन में विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषक उन्नति योजना किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समारोह के दौरान बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी पखांजूर के कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने उत्साहपूर्वक देखा। लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व के संदेश एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों तक पहुंचाई गई। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपांकर दत्ता, नगर पंचायत पखांजूर के अध्यक्ष नारायण शाह, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, दीपांकर राय, आदि पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता क्षेत्र के हजारों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन हुआ। किसानों ने शासन की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं।

# केशकाल में सीएम कार्यक्रम की हुई फजीहत अव्यवस्थाओं पर भड़के किसान और जनप्रतिनिधि



**केशकाल।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'मुख्यमंत्री किसान उन्नत योजना' का कार्यक्रम भारी अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण विवादों में घिर गया। किसानों के हित में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पहले स्थल परिवर्तन, फिर तकनीकी खामियों और बदहाल व्यवस्थाओं ने सरकार की छवि पर सवाल खड़े कर दिए। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत केशकाल के सभा कक्ष में किया गया था, जहां बड़ी संख्या में किसान और जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। लेकिन कार्यक्रम शुरू होते ही कुप्रबंधन की परतें खुलने लगीं। राजनीतिक हलकों में इस घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

**भाषण से पहले ठप हुई बिजली–** कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत के बाद मुख्यमंत्री के संबोधन का प्रसारण होना था, लेकिन उससे ठीक पहले बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अचानक अंधेरा छा जाने से सभा कक्ष में अफरा-तफरी मच गई। ध्वनि व्यवस्था बंद हो गई और स्क्रीन पर प्रसारण रुक गया। मौके पर मौजूद किसानों ने सवाल उठाया कि जब यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री स्तर का था, तो बैकअप व्यवस्था क्यों दुरुस्त नहीं रखी गई? जनरेटर की व्यवस्था भी नहीं की गई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया।

**नाराज जनप्रतिनिधि बीच कार्यक्रम से लौटे–** व्यवस्थाओं की बदहाली को लेकर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी खुलकर नाराज दिखे। भाजपा नेता भूपेश चंद्राकर, वीरेंद्र बघेल, संतोष सिन्हा, अशोक नेताम और छेदु मंडावी सहित कई कार्यकर्ता और किसान बीच कार्यक्रम से ही उठकर रवाना हो गए। नेताओं का कहना था कि किसानों से जुड़े कार्यक्रम में इस तरह की लापरवाही न सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि यह किसानों के सम्मान के साथ भी खिलवाड़ है।

कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधि भुपेश चंद्राकर व वीरेंद्र बघेल ने कहा कि किसानों ने बैठने की अव्यवस्था, पेयजल की कमी और सूचना प्रबंधन में खामियों को लेकर किसान नाराज हुए हैं। न तो उन्हें समय पर सही जानकारी नहीं दी गई और कार्यक्रम की तैयारी आधी-अधूरी थी। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण सरकार की छवि धूमिल हुई है। उनका कहना था कि यदि प्रशासनिक अमला गंभीरता से तैयारी करता, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

**कलेक्टर ने लिया संज्ञान–** इस संबंध में नूपुर राशि पन्ना, कलेक्टर कोंडागांव, ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कार्यक्रम की अव्यवस्थाओं के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**भाजपा सरकार में ही भाजपा नेता नाराज–** गौरतलब है कि प्रदेश में वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और मुख्यमंत्री भी भाजपा के ही हैं। इसके बावजूद भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सार्वजनिक रूप से नाराज होकर कार्यक्रम छोड़ देना और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करना, सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला केवल एक कार्यक्रम की अव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक समन्वय और जिम्मेदारी तय करने के सवाल को भी उजागर करता है। सत्ता पक्ष के ही नेताओं द्वारा कार्यवाही की मांग किए जाने से सरकार की किरकिरी हो रही है और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।

बहरहाल कार्यक्रम भले ही औपचारिक रूप से संपन्न हो गया हो, लेकिन जिस उद्देश्य से इसे किसानों तक सरकार की योजनाओं का संदेश पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया था। वह अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ता नजर आया। अब सबकी नजर इस बात पर है कि जांच के बाद वास्तव में जिम्मेदारी तय होती है या मामला केवल आश्वासन तक सीमित रह जाता है।

## होली से पहले किसानों को मिली बड़ी सौगात



**कोण्डागांव।** होली का त्योहार इस वर्ष किसानों के लिए केवल रंगों का नहीं, बल्कि समृद्धि और खुशहाली का संदेश लेकर आया है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि होली से पूर्व एकमुश्त प्रदान की गई है। इससे किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल है। यह राशि किसानों को आर्थिक राहत देने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रही है। कोंडागांव जिले के ग्राम कतावंड के किसान अड़मा राम पोयाम ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष धान खरीदी केंद्र में 150 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी समर्थन मूल्य की राशि उन्हें पूर्व में ही उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी थी। अब होली से पहले अंतर राशि मिलने से वे बेहद खुश हैं। उन्हें लगभग 1 लाख 9 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि इस राशि से वे अपने परिवार के साथ होली एवं मेले का त्योहार अच्छे से मना सकेंगे। ग्राम कुम्हारपारा के किसान ग्रीकचंद्र पटेल ने बताया कि वे 14 एकड़ में आधुनिक तरीके से धान की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 180 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। उन्होंने कहा कि होली से पहले अंतर राशि मिलने से घर की आवश्यक जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ आगामी खेती कार्यों में भी सुविधा होगी। त्योहार के समय यह राशि मिलना परिवार के लिए बड़ी राहत है। इसी प्रकार ग्राम कुम्हारपारा निवासी गणेश प्रसाद देवांगन ने बताया कि उनके पास 10 एकड़ जमीन है और इस वर्ष उन्होंने लगभग 162 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। मूल भुगतान पहले ही प्राप्त हो चुका था, किंतु अंतर राशि होली से पहले मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। उनका कहना है कि होली के बाद खेती का नया सीजन शुरू हो जाता है, ऐसे में यह राशि पारिवारिक आवश्यकताओं के साथ-साथ कृषि कार्यों में भी उपयोगी सिद्ध होगी। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय उनकी जरूरतों के अनुरूप है। होली से पहले आर्थिक सहायता मिलने से न केवल त्योहार की खुशियां दोगुनी हुई हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यह पहल किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## प्रेस क्लब गठन-संजय सिंह बने अध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी उपाध्यक्ष



**सुकमा।** जिले के पत्रकारों की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सुकमा जिला प्रेस क्लब का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकारों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे संगठन को सशक्त और प्रभावी नेतृत्व मिल सके। संघ के अध्यक्ष पद पर संजय (रिंटू) सिंह भदौरिया को मनोनीत किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में अमन सिंह भदौरिया एवं जगदीश महेश्वरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद की जिम्मेदारी पवन शाहा को, सह सचिव के रूप में रफीक खान को तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लीलाधर राठी को नियुक्त किया गया है। संगठन को अनुभवी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु वरिष्ठ पत्रकार पीसा राजेंद्र, जोगराज जैन, आशीष दुबे एवं राजा राठौर को संरक्षक की भूमिका में रखा गया है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संघ को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अतिरिक्त 13 पत्रकारों को कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो संगठन की गतिविधियों, कार्यक्रमों और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नवगठित संघ ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जिले में पत्रकारों के बीच समन्वय, संवाद और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। जिले के पत्रकारों ने इस गठन को ऐतिहासिक बताते हुए उम्मीद जताई है कि सुकमा जिला पत्रकार संघ आने वाले समय में पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करेगा और संगठनात्मक एकता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। कार्य समिति सदस्य - डमरू राम, जयपाल सिंह,नवीन डांधडे,सुजीत वैदिक, राहुल राजपूत, समीर कीर्तन, ज्ञानेंद्र सिंह, अंकित चौहान, माड़वी पवन, राजकुमार श्रीवाने, गौरव सिंह राठौर,आदर्श शुक्ला, वरुण नायडू, मोहम्मद रफीक।

## कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालय धनोरा का किया निरीक्षण



**कोंडागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को पीएम श्री विद्यालय धनोरा का निरीक्षण किया और शैक्षणिक गतिविधियों एवं सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम श्री योजना के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला सहित अन्य विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर और सभी कक्षों की साफ-सफाई, म्यूजिक टीचर की व्यवस्था, बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण और शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम इत्यादि के सम्बद्ध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएमश्री योजनाओं की सफल क्रियान्वयन एवं समयावधि में कार्यो को पूर्ण करने हेतु कोर टीम का गठन किया गया। उन्होंने महाविद्यालय एवं विज्ञान प्रयोगशाला को व्यवस्थित करने तथा बाउंड्री निर्माण करने हेतु निर्देश दिया गया।

## नक्सल गढ़ रही सिंगाराम पंचायत में पहली बार पहुंची सरपंचिन, गांव-गांव जाकर सुनी समस्याएं



**कोंटा।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगाराम में पहली बार महिला सरपंचिन मड़कम दयावती के पंचायत पहुंचने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। पूर्व में नक्सल प्रभाव के कारण इस पंचायत को नक्सलियों का गढ़ माना जाता था और जनप्रतिनिधियों का गांव तक पहुंचना लगभग नामुमकिन था। अब नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के बाद सरपंचिन स्वयं गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रही हैं। सरपंचिन ने पंचायत के सभी आठ गांवों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया और कई समस्याओं पर मौके से ही जिला मुख्यालय में फोन कर समाधान के लिए चर्चा की। ग्रामीणों ने खुलकर शिक्षा, पेयजल, सड़क और वन अधिकार पट्टा से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। किंदरेलपाड़ में शिक्षा विभाग के तहत बन रहा स्कूल भवन पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भवन पूर्ण नहीं होने के कारण आंगनवाड़ी भवन और ग्रामीणों के घरों में बैठाकर बच्चों को पढ़ाना शिक्षकों की मजबूरी बन गई है। इसी तरह सिंगाराम में भी स्कूल भवन अधूरा है।

कन्हाईपाड़ के पुजारी पारा एवं पटेल पारा में पीएचई विभाग द्वारा लगाए गए सोलर ड्यूल पंप से पानी टंकी तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण नल-जल योजना का लाभ ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। इससे पेयजल संकट बना हुआ है। वहीं किंदरेलपाड़ और कन्हाईपाड़ के कई ग्रामीणों को अब तक वन अधिकार पट्टा नहीं मिलने से वे अपनी ही भूमि पर अधिकार से वंचित हैं और शासन की योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी झेल रहे हैं।

# ग्राम घोड़ाबत्तर में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यशाला संपन्न, योजनाओं की दी गई जानकारी



**भानुप्रतापपुर ।** जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम घोड़ाबत्तर में शुक्रवार को 'वीबी जी राम जी' योजना के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला एवं जागरूकता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और डिजिटल माध्यमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिगेश्वर खापर्डे एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्थानीय परंपरा के अनुसार किया गया।

**योजनाओं और डिजिटल साक्षरता पर जोर –** कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.एल. चुरेन्द्र ने 'वीबी जी राम जी' योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को योजना की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि कैसे ग्रामीण इसका लाभ उठा सकते हैं। तकनीक से जोड़ने के प्रयास में ग्रामीणों को क्यूआर कोड के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथियों के कर-कमलों से क्यूआर कोड का वितरण भी किया गया।

**स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा –** जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी कला और लेखनी के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में भारी उत्साह देखा गया।

**प्रशासनिक अमले की मौजूदगी –** इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में जनपद पंचायत की कार्यक्रम अधिकारी सुमन कौर, समस्त पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा रोजगार सहायकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अमले ने शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## एसडीओपी ने किया केशकाल थाना का प्रथम अर्द्धवार्षिक निरीक्षण, अभिलेखों व लंबित मामलों की हुई समीक्षा



**केशकाल।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) केशकाल अरुण नेताम द्वारा थाना केशकाल का प्रथम अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना के समस्त पंजीयों का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान आर्म्स एवं एम्युनेशन पंजी, स्थायी वारंट की तामिली पंजी सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। अभिलेखों के रख-रखाव और अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों एवं गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई।

लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। एसडीओपी अरुण नेताम ने थाना स्टाफ को कार्य में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई और रिकॉर्ड संधारण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान केशकाल थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, सप्लाई नेटवर्क का हुआ खुलासा

बिलासपुर। सकरी पुलिस ने नशे के खिलाफकार्रवाई करते हुए मेंड्रा रोड पर घेराबंदी कर एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में नशे के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें अन्य आरोपियों की भी संलिप्तता सामने आई है।सिविल लाइन सीएसपी निमितेष सिंह के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक मेंड्रा रोड पर नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश देकर हामिद अंसारी (33) को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से जिपर पैकेट में करीब 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में हामिद ने बताया कि रामा लाइफकॉलोनी निवासी ईशान मंडलोई और मंगला के अभिषेक नगर निवासी अमन तिवारी प्रयागराज से पिस्टल और ब्राउन शुगर लेकर आए थे। वह ईशान से नशीला पदार्थ लेकर इसकी बिक्री कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान ईशान मंडलोई के घर से करीब 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि तलाशी के दौरान किसी प्रकार की पिस्टल नहीं मिली। ईशान मंडलोई पहले से ही आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल में बंद है। पुलिस अब उसे न्यायालय की अनुमति लेकर इस मामले में गिरफ्तार कर आगे पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार, ईशान मंडलोई का पारिवारिक पृष्ठभूमि सामान्य रही है। उसकी मां प्रतिमा मंडलोई मुंगेली जिले के पथरिया ब्लॉक में बीईओ पद पर पदस्थ हैं, जबकि पिता बंशीलाल मंडलोई सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। बताया जा रहा है कि पढ़ाई के दौरान ही वह नशे की लत में पड़ गया और धीरे-धीरे आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

### प्रेमी के घर युवती की फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश परिजनों ने लगाया आरोप

बिलासपुर। मस्तूरी क्षेत्र के मल्हार की रहने वाली एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवती अपने प्रेमी के घर गई थी, जहां दो दिन बाद उसका शव कमरे के रोशनदान में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मल्हार निवासी मल्लिका कुर्रे मंगलवार को मेला देखने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। कुछ समय बाद धनगंवा निवासी उसके प्रेमी राजू लहरिया ने युवती के परिजनों को फोन कर बताया कि मल्लिका उसके घर पर है और उसे ले जाने के लिए कहा। हालांकि परिजनों ने उसे वापस छोड़ने की बात कहते हुए खुद जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती प्रेमी के घर पर ही रह रही थी। शुक्रवार सुबह घर के एक कमरे में उसका शव रोशनदान से फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। मल्हार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की सूचना मिलते ही युवती के परिजन भी मौके पर पहुंचे और प्रेमी व उसके परिवार पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

### सौम्या चौरसिया को हाई कोर्ट से मिली जमानत

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट जमानत मिल गई है। यह मामला जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच में सुनवाई के लिए लगा था। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज आए आदेश में कोर्ट ने सौम्या चौरसिया की याचिका स्वीकार करते हुए जमानत दी है। बता दें कि सौम्या चौरसिया ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं एसीबी/ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थी। कोर्ट ने मामले में दायर दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद यह राहत दी है। शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार होने के बाद सौम्या चौरसिया लंबे समय से न्यायिक हिरासत में थीं।

### मृत गाय को ऑटो से घसीटने का वीडियो वायरल, प्रशासन पर उठे सवाल

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में गौवंश सुरक्षा को लेकर लगातार आवाजें उठ रही हैं, इसी बीच बिलासपुर जिले के बोदरीङ्कतिफरा के बीच एमएच-130 से एक विचलित करने वाला वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में एक मृत गाय को इलेक्ट्रिक ऑटो से रस्सी बांधकर सड़क पर घसीटते हुए ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से कुछ दूरी की है। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे काफी देर तक मृत गाय पड़ी रही, लेकिन उसे हटाने के लिए कोई जिम्मेदार अमला मौके पर नहीं पहुंचा।

#### डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

# विज्ञान में महिलाएँ-विकसित भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति विषय पर हुआ मंथन





**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय विज्ञान में महिलाएँ : विकसित भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति रखा गया, जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एकता ताम्रकार रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएँ अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान और तकनीकी नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या सीमित थी, किंतु आज वे नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। डॉ. ताम्रकार ने कहा कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने देश और विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आएँ और अपने कौशल, ज्ञान तथा नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में सबसे अधिक छात्राओं की संख्या विज्ञान फार्मेसी और इंजीनियरिंग में है निश्चित रूप से यही छात्राएं भारत के भविष्य का निर्माण करेंगे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर जयति चटर्जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाओं के मन में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी कम थी, किंतु आज यह सहभागिता बराबरी की हो चुकी है, जो समाज के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमित शर्मा रहे तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि वर्मा ने किया। संगोष्ठी में ई राघवेंद्र राव शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। विद्यार्थियों ने दस दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने परियोजनाओं पर कार्य किया। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## राजीव गांधी पी जी कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



राजीव गांधी शा. पी जी कॉलेज अंबिकापुर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 28 फरवरी 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री, छ्त्तीसगढ़ शासन श्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं माननीय सांसद, सरगुजा संसदीय क्षेत्र श्री चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रबोध मिंज माननीय विधायक लुंड्रा, श्री रामकुमार टोप्पो माननीय विधायक, सीतापुर क्षेत्र, श्री अनुराग सिंहदेव, माननीय अध्यक्ष गृह निर्माण मंडल, छ्त्तीसगढ़, श्री विश्वविजय सिंह तोमर, माननीय अध्यक्ष, राज्य युवा आयोग, छत्तीसगढ़, श्रीमती मंजूषा भगत, माननीया महापौर नगर पालिक निगम अम्बिकापुर एवं श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, माननीय सभापति नगर पालिक निगम अम्बिकापुर ,महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में जिला अध्यक्ष श्री भारत सिंह सिसोदिया तथा प्रो. रिज़्वान उल्ला, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, सरगुजा संभाग होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों , सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों एवं समूहों , क्रीड़ा, एन एस एस और अन्य अकादमिक गतिविधियों में उच्च प्रदर्शन करने वाले एवं विजयी विद्यार्थियों को मैडल, पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया जाना है। महाविद्यालय ऑडिटोरियम में दोपहर 1:00 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सभी गणमान्य नागरिकों, महाविद्यालय में अध्ययनरत पूर्व छात्रों तथा इस महाविद्यालय से सेवानिवृत होने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को भी सादर आमंत्रित किया गया है।

## लखपति महिला पहल के अंतर्गत बिहान की महिलाओं का नवाचार




**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत संचालित लखपति महिला पहल के तहत सरगुजा जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नवाचार करते हुए आशा बिहान बाजार की शुरुआत की गई है। जिससे अब ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधे बाजार मिल सकेगा। जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड अंतर्गत किशुनगर की स्व-सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती आशा रवि ने आशा बिहान बाजार की शुरुआत कर महिला स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बिहान से प्राप्त आर्थिक सहयोग के माध्यम से अब वे समूह से जुड़ी विभिन्न महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का संगठित एवं सुव्यवस्थित विक्रय कर सकेंगी। शुद्ध सरसों तेल, मल्टीग्रेन आटा, अचार और अन्य हस्तशिल्प—को उचित बाजार न मिल पाने के कारण विक्रय में कठिनाई होती थी। आशा रवि ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए बिहान योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता से स्वयं का बाजार स्थापित किया है। अम्बिकापुर के भट्ठी रोड में फूडपार्क के सामने स्थित आशा बिहान बाजार में महिलाओं द्वारा नर्मित नेचुरल प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे। 'लखपति महिला पहल' के अंतर्गत आशा रवि को कुल 10 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 5 लाख रुपये प्रदाय किए जा चुके हैं, जिसका उपयोग कर उन्होंने इस बाजार की नींव रखी। अब इस केंद्र के माध्यम से आसपास के समूहों के उत्पादों का आसानी से विक्रय हो सकेगा, जिससे सैकड़ों महिलाओं की आय में वृद्धि होगी। आशा बिहान बाजार का उद्घाटन जनपद पंचायत अम्बिकापुर के अध्यक्ष श्री विक्रम सोनपाकर, उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, बी.डी.सी. सदस्य श्री विजय व्यापारी एवं समूह की समस्त दीदियों के करकमलों द्वारा किया गया।

## बहुआयामी व्यवसाय से रेबेका का संवरा जीवन

बलरामपुर। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत चिलमा निवासी श्रीमती रेबेका महिला स्वयं सहायता समूह में जुड़कर लाखों रुपए वार्षिक आय के रूप में अर्जित कर रही हैं।वे बताती है कि कभी आर्थिक तंगी से जूझ रहा उनका परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता था। सीमित आय के कारण घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता था। परिस्थितियों से हार मानने के बजाय रेबेका ने स्वयं शक्ति महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर नया रास्ता चुना। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वयं शक्ति महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी। समूह के माध्यम से उन्हें बचत, ऋण एवं स्वरोजगार की जानकारी मिली। उन्होंने समूह से ऋण लेकर बागबानी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, किराना दुकान एवं कृषि कार्य को व्यवसाय के रूप में शुरू किया। आज वे मेहनत कर लगभग 1 लाख 71 हजार रुपये की सालाना आय अर्जित कर रही है। आय में वृद्धि से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है जिससे बच्चों की शिक्षा, पोषण और घर की आवश्यकताओं की पूर्ति भी बेहतर ढंग से कर रही है और लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। रेबेका के प्रयास से उनकी आमदनी बढ़ी है साथ ही परिवार का जीवन स्तर भी सुधरा है। रेबेका बताती हैं कि बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग मिला। जिससे वे आत्मनिर्भता की राह पर अग्रसर हुई हैं, साथ ही अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## जनजाति समाज दिल्ली में करेगा डीलिस्टिंग गर्जना महारैली

### डीलिस्टिंग मुद्दे पर जनजाति सुरक्षा मंच खंड बतौली की कार्यशाला सम्पन्न



डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारी को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच बतौली द्वारा खंड स्तरीय एक दिवसीय डीलिस्टिंग कार्यशाला का आयोजन बतौली में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनजाति समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा डीलिस्टिंग के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति तैयार करना रहा। कार्यशाला में उपस्थित जनजाति सुरक्षा मंच जशपुर के प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि डीलिस्टिंग का विषय जनजातीय समाज के अस्तित्व, अधिकार और पहचान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी इस आंदोलन की सफलता के लिए अनिवार्य है। कार्यशाला के दौरान महारैली की रूपरेखा, यात्रा, प्रचार-प्रसार की रणनीति, जनसंपर्क अभियान तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को ग्राम स्तर तक संपर्क कर लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संयोजक बिहारीलाल उरांव ने जिला स्तर की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि बाबा सांसद कार्तिक उरांव ने इस विषय को सबसे पहले उठाया, बाद में जनजाति सुरक्षा मंच इस विषय को लेकर सड़क से लेकर संसद तक उठा रहा है। संगठन इस अभियान को पूरा कराने हेतु दृढ़ संकल्पित है। संरक्षक देवनाथ पैंकरा ने समाज से एकजुट होकर महारैली में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गर्जना महारैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं। कार्यशाला को संरक्षक जवाहर खलखो ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन रज्जू राम एवं आभार प्रदर्शन संयोजक कलमू लड़का ने किया।इस कार्यशाला में राजेंद्र पैकरा, श्रीराम भगत, राम कैलाश पैकरा, आदिया राम, करमचंद सिंह, सबल साय, बिंदेश्वर भगत, ढोलाराम विनोद पैंकरा, दीपक, सुपारस, जयकरण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, विष्णु गुप्त, श्रवण कुमार, पारस सचिन भगत, रामबिहारी पैकरा, मनोज, विकाश लकड़ा, अभय प्रकाश, रामदेव पैकरा, भारत राम, जयकरण सिंह, सुरेंद्र कुमार, निरंजन मिंज, गणेश राम, सी एल उइके, अमृत राम, संदीप लकड़ा, चंदर लाल मिंज, सतानंद, पूनमचंद उपस्थित रहे।

# दूषित जल सप्लाई को लेकर कांग्रेस ने किया घर-घर जाकर मोइना



अंबिकापुर/दूषित पेयजल सप्लाई के कारण कई घरों में लोगों के जलजनित रोगों से ग्रसित होने की शिकायत के उपरांत आज आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व महापौर डॉ0 अजय तिर्की एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने आज नमनाकला के खटीक पारा एवं झंझटपारा में घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। लम्बे समय से दूषित जल की सप्लाई एवं साफ-सफाई के अभाव में क्षेत्र में पिलिया, टायफाईड और डायरिया की बीमारी के फैलाव की जानकारी सामने आ रही थी। क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने जानकारी दी कि लगभग प्रत्येक घर में एक या एक से अधिक सदस्य दूषित जल जनित इन बीमारियों के शिकार हैं। प्रत्येक घर से मिले इलाज से संबंधित पर्चियों से इस बात की जानकारी मिली है कि लोग पिलिया, टायफाईड और डायरिया जैसे लोगों से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने यह बताया है कि इस क्षेत्र से 2 लोगों के मौत की चर्चा सामने आने के बाद विगत दो-तीन दिनों से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। लोगों ने कहा कि अब जो पेयजल आ रहा है। श्री सिंहदेव ने कहा कि नावापारा स्वास्थ्य केन्द्र और मेडिकल कॉलेज में जांच के अभाव में आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को अब इलाज में भी कठिनाईयां आ रही है। बीमार लोगों ने यह शिकायत दर्ज की है कि उन्हें बाहर से जांच आदि कराने में हजारो रुपय खर्च करने पड रहे हैं। निजि अस्पतालों में इलाज कराने पर काफी व्यय हो रहा है। श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने प्रशासन से अपील की है कि क्षेत्र में मेडिकल शिविर लगाकर बीमार लोगों का नि:शुल्क इलाज कराया जाये। बीमार लोगों के पर्चियों के अवलोकन के उपरांत पूर्व महापौर डॉ0 अजय तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में बीमार सभी लोगों की बीमारी जल जनित है। उन्होंने कहा कि लोगों को पिलिया, टायफाईड और डायरिया जैसी बीमारी है जो कि खराब पानी पीने के कारण होती है। उन्होंने निगम प्रशासन का सलाह दिया कि ऐसे परिस्थितियों में गलत बयानबाजी कर तथ्यों को छिपाने से बेहतर होगा कि मिलजुलकर आमजन को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाये। यही एक लोक सेवक का उत्तरदायित्व है। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि आमजन के द्वारा दूषित पेयजल और बीमारी की फरियाद करना महापौर को साजिश लगता है, यह दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि पहले नावागढ, मोमिनपुरा, पर्राडांड और अब नमनाकला क्षेत्र में दूषित पेयजल सप्लाई का तथ्य आना और इससे बीमारियों का फैलाव यह स्पष्ट करता है कि शहर के बडे हिस्से में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। ऐसा तभी हो सकता है जबकि फिल्टर प्लांट में ही पेयजल का सही ट्रीटमेंट नहीं हो रहा हो। उन्होंने कहा कि पेयजल की खराब गुणवत्ता का वाजिब कारण क्या है इसकी जांच के लिये उच्च स्तरीय कमेटी के गठन की मांग हमारे द्वारा की गई है। इस दिशा में पहल नहीं हुई तो कांग्रेस आमजन के स्वास्थ्य के हित में गंभीर आदोलन के लिये सडकों पर आयेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, आलोक सिंह, प्रमोद चौधरी, तीरथ चौधरी, चंद्रप्रकाश सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद थे।

## ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

बलरामपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के सभी विभागों एवं कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली, ई-एचआरएमएस और स्पैरो पोर्टल से संबंधित बारीकियों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनर श्री विनोद देवांगन एवं निखिल साहू ने ई-ऑफिस के संचालन की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ई-ऑफिस के अंतर्गत डिस्पैच, पत्राचार, नोटशीट, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग, ई-एचआरएमएस प्रणाली के तहत अवकाश, पदस्थापना आदि का ऑनलाइन प्रबंधन, स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि और मूल्यांकन प्रक्रिया, अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यालयीन प्रक्रियाओं को डिजिटल, पारदर्शी, त्वरित और पेपर मुक्त बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।



# असली और नकली गुलाल की पहचान कैसे करें

होली के त्योहार की पहचान उसके रंग और मौज मस्ती होती है। रंग-बिरंगे कलर्स से नहाए मुस्कुराते चेहरे त्योहार की रौनक को दोगुना कर देते हैं। होली का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन में प्रेम, एकता, और सकारात्मकता को बढ़ावा देने का समय है। यह समय होता है जब हम अपने पुराने तनावों को त्याग कर एक नई शुरुआत करते हैं और समाज में खुशियां फैलाते हैं। होलिका दहन वह समय होता है जब लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई की विजय का जश्न मनाते हैं। लेकिन होली की मस्ती और रंगों के बीच हर साल मिलावट का जहर घोल दिया जाता है। बाजार में 'हर्बल' रंगों के नाम पर धड़ल्ले से बिकने वाले केमिकल युक्त गुलाल आपकी त्वचा और आंखों के लिए किसी खतरे से कम नहीं हैं। थोड़े से फायदे के लिए मुनफाखोर आपकी सेहत से खिलवाड़ कर देते हैं। केमिकल वाले रंगों के पैकेट पर 'हर्बल' रंग का ठप्पा लगाकर धड़ल्ले से बेच दिया जाता है। जिसका नतीजा अगले दिन अखबार की सुर्खियों में दिखता है। ऐसे में इस नुकसान से बचने और सेहत को अच्छा बनाए रखने के लिए आइए जानते हैं कैसे करें असली और नकली होली के गुलाल की पहचान।

### असली और नकली गुलाल की पहचान कैसे करें

**1. चमक और बनावट**

**नकली गुलाल-** अगर गुलाल में चमकीले कण (Mica या कांच का पाउडर) दिखाई दें, तो समझ लें कि यह पूरी तरह केमिकल युक्त है। असली हर्बल गुलाल कभी नहीं चमकता।

**असली-** प्राकृतिक गुलाल दिखने में थोड़ा 'मैट' (Matte) जैसा होता है और हाथ लगाने पर आटे या टैलकम पाउडर जैसा महीन महसूस होता है।

**2. खुशबू से पहचान**

**नकली-** नकली गुलाल में तेज स्पिरिट्स, एसिड या बहुत स्ट्रॉन्ग परफ्यूम जैसी गंध आती है, जो नाक में चुभती है।

**असली-** हर्बल गुलाल में फूलों, जड़ी-बूटियों या चंदन की हल्की और सोंधी खुशबू आती है। लेकिन अगर यही खुशबू बहुत तेज है, तो सावधान हो जाएं।

**3. पानी वाला टेस्ट**

**नकली-** खरीदे हुए गुलाल को थोड़े से पानी में घोलें। अगर वह पानी में पूरी तरह नहीं घुलता, नीचे बैठ जाता है या पानी पर तेल जैसी परत छोड़ता है, तो वह मिलावटी है।

**असली-** असली हर्बल गुलाल पानी में आसानी से घुल जाता है और पारदर्शी रंग बनाता है।

**4. रगड़कर चेक करें**

**नकली-** अगर गुलाल नकली है तो इसे सूखी त्वचा पर रगड़ने से हल्की जलन या खुजली महसूस हो सकती है। साथ ही, यह साबुन से धोने के बाद भी त्वचा पर गहरा दाग छोड़ देता है।

**असली-** हर्बल गुलाल लगाने पर त्वचा पर कोई जलन नहीं होती और यह सिर्फ पानी से धोने पर ही आसानी से साफ हो जाता है।

**5. कपड़े पर दाग**

**नकली-** नकली गुलाल कपड़े पर लगने पर उसके रेशों के अंदर तक समा जाता है और धोने के बाद भी अपना रंग छोड़ देता है।

**असली-** असली प्राकृतिक गुलाल अगर कपड़ों पर लग जाए, तो झाड़ने से या एक धुलाई में निकल जाता है।





इस उपाय से दूर होंगी कई परेशानियां

# होलिका दहन के बाद घर जरूर लाएं राख

होलिका दहन होली का सबसे पवित्र और शुभ हिस्सा है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसकी अग्नि को अत्यंत पवित्र माना जाता है। होलिका दहन की राख में विशेष शक्तियां होती हैं, जो घर लाकर विभिन्न उपाय करने से कई तरह की परेशानियां दूर हो सकती हैं। 2026 में होलिका दहन 2 मार्च की रात को किया जाएगा। इस दिन राख को घर लाकर कुछ सरल उपाय करने से नवग्रह शांति, आर्थिक तंगी से मुक्ति, स्वास्थ्य लाभ, घर में सुख-शांति और नजर दोष से छुटकारा मिल सकता है। आइए जानते हैं होलिका दहन की राख से जुड़े ये कारगर उपाय।

होलिका दहन की राख का महत्व

होलिका दहन की अग्नि भगवान नरसिंह की शक्ति और प्रह्लाद की भक्ति का प्रतीक है। इसकी राख में नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने की क्षमता होती है। ज्योतिष और वास्तु के अनुसार, होलिका की राख घर लाकर रखने या उपाय करने से नवग्रह पीड़ा, बुरी नजर, आर्थिक संकट, स्वास्थ्य समस्या और घरेलू कलह दूर हो सकती है। राख को कभी फेंकना नहीं चाहिए, बल्कि इसे सम्मान से घर में रखकर उपाय करने चाहिए। राख का तिलक लगाने या छिड़काव करने से भी विशेष लाभ मिलता है।

### नवग्रह शांति के लिए राख का उपाय


नवग्रह पीड़ा से परेशान लोग होलिका दहन की राख को शिवलिंग पर चढ़ाएं। साथ ही, राख को नहाने के पानी में थोड़ा-सा मिलाकर स्नान करें। ऐसा करने से नवग्रह दोष शांत होते हैं और ग्रहों की कृपा बढ़ती है। राख को शिवलिंग पर चढ़ाने से शनि, राहु-केतु जैसे कष्टकारी ग्रहों का प्रभाव कम होता है। यह उपाय जीवन में स्थिरता और शांति लाता है। कई लोग इस राख को घर के मंदिर में रखकर रोजाना पूजा करते हैं, जिससे ग्रहों की अनुकूलता बनी रहती है।

### आर्थिक तंगी से मुक्ति के लिए राख का उपाय

आर्थिक संकट या धन की कमी से परेशान लोग होलिका की राख को लाल कपड़े में बांध लें। उसमें 7 सफेद कौड़ियां डालकर तिजोरी या धन स्थान पर रख दें। ऐसा करने से धन का प्रवाह बढ़ता है और आर्थिक रुकावटें दूर होती हैं। राख में कौड़ियां डालने से लक्ष्मी जी की कृपा मिलती है। यह उपाय हर साल होली पर दोहराने से दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता आती है। कई लोग इस राख को धन के स्थान पर रखकर रोजाना गंगाजल छिड़कते हैं।

### बीमारी से छुटकारे के लिए राख का उपाय

लंबी बीमारी या बार-बार स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोग होलिका की राख को प्रभावित व्यक्ति के माथे पर लगाएं। ऐसा लगातार 21 दिन तक करें। राख का तिलक लगाने से रोग नाश होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह उपाय शारीरिक और मानसिक रोगों दोनों में लाभकारी है। राख को पानी में



मिलाकर पीने से भी कुछ लोग लाभ लेते हैं। यह उपाय होलिका की पवित्र अग्नि की शक्ति से रोगों को जड़ से खत्म करने में मदद करता है।

### घर में शांति और नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए राख का उपाय

घर में लगातार कलह, झगड़े या नकारात्मक माहौल रहने पर होलिका की राख को घर के कोनों में छिड़क दें। राख को किसी गुप्त स्थान पर रखकर घर में लोबान का धुआं दिखाएं। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-शांति का वास होता है। राख को मुख्य द्वार पर भी छिड़क सकते हैं। यह उपाय घर को बुरी नजर और नकारात्मक शक्तियों से बचाता है। कई परिवार इस राख को मंदिर में रखकर रोजाना पूजा करते हैं।

### नजर दोष से मुक्ति के लिए राख का उपाय

बुरी नजर से परेशान लोग होलिका की राख में नमक और राई मिलाकर किसी गुप्त स्थान पर रख दें। जब किसी को नजर लगे, तो इस राख को 7 बार उसके सिर से फेरकर चौराहे पर फेंक दें। यह उपाय नजर दोष को तुरंत दूर करता है और भाग्य के रास्ते खोलता है। राख को घर में रखने से भविष्य में नजर नहीं लगती। यह उपाय शनिवार या होली के दिन विशेष रूप से प्रभावी होता है। होलिका दहन की राख को घर लाकर इन उपायों को अपनाएं। इससे धन-समृद्धि बढ़ती है, ग्रह दोष शांत होते हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। होली की राख जीवन की नकारात्मकता को जला देती है और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाती है।

# आज का राशिफल



**मेष राशि** - आज आपका दिन बेहतर रहेगा। अतिरिक्त आय के साधन बनेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय ना दे पाने से लोगों से किसी से नाराजगी न होने दें। संध्या का समय मनोरंजन वाला रहेगा।

**वृषभ राशि** - आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी। धीरे धीरे स्थिति में सुधार होगा कार्य स्थल पर महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**मिथुन राशि** - आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे।

**कर्क राशि** - आज बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी परन्तु खर्च भी अधिक रहने से बचत नहीं कर पाएंगे। दोपहर के बाद से घर एवं बाहर सहयोगी वातावरण बनने से कार्यो में सरलता रहेगी।

**सिंह राशि** - आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यो में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी। मनोबल भी आज बढ़ा हुआ रहेगा।

**कन्या राशि** - आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे। कार्य क्षेत्र पर अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास हानि का कारण बन सकता है। वाणी में कठोरता रहने से घर में कलह रहेगी।

**तुला राशि**-व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। आपसे वाद-विवाद में कोई नहीं जीत पायेगा। बड़बोलेपन के कारण महिलाओं से मतभेद हो सकते है।

**वृश्चिक राशि** - आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। कार्य क्षेत्र पर केवल धन लाभ पाने के उद्देश्य से कार्य ना करे व्यवहार में कुशलता एवं मिठास रखने से अप्राप्त लक्ष्मी भी प्राप्त कर सकते है।

**धनु राशि**- आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है। परोपकार का शुभ फल भी मिलने से प्रसन्नता भी रहेगी।

**मकर राशि** - आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है। प्रेम प्रसंगों से आज दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा। आलसी प्रवृति का लाभ प्रतिस्पर्धी उठा सकते है सावधान रहें। धन लाभ के लिये आज विशेष परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ राशि**- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु धनागम के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग भी गर्म हो सकते हैं।

**मीन राशि**- आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। आज किसी के आगे समर्पण कर सकते है इसका फल शुभ ही रहेगा। बाहरी स्थान के कार्यो में सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी।

**- ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री**

# घर पर होली के लिए एक शानदार दावत



भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत में, रंगों के त्योहार के रूप में प्यार से पुकारा जाने वाला होली का पूरे देश में गहरा महत्व है। यह रंगों से सने होने, बुराई पर अच्छाई की जीत का स्मरण करने और पौराणिक कथाओं को सुनाने के साथ मनाया जाता है। त्योहार की भावना परिवारों और दोस्तों को एक साथ लाती है और धीरे-धीरे होली के स्वादिष्ट पकवानों की दावत शुरू हो जाती है। क्या आप इस मौसम में चखने लायक स्वादिष्ट व्यंजनों के बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं? यदि हां, तो हमारे साथ बने रहें क्योंकि हम आपको होली के प्रसिद्ध पकवानों के बारे में बता रहे हैं जो आपके घर पर होली की पार्टी के लिए एक शानदार दावत का हिस्सा बन सकते हैं।

### होली के पारंपरिक व्यंजन: अवश्य आजमाएं

होली के त्योहार के विवरण में, देश भर में खाई जाने वाली कुछ पारंपरिक मिठाइयाँ और नमकीन व्यंजन इस प्रकार हैं:

**मालपुआ**

होली की अन्य लोकप्रिय मिठाइयों में से एक है स्वादिष्ट मालपुआ। यह मैदा, केले और दूध से बना एक नरम, तला हुआ, सुनहरा भूरा पैनकेक होता है। सुगंधित चीनी की चाशनी में डूबा हुआ यह कुरकुरा मालपुआ मुंह में घुल जाने वाला एक ऐसा व्यंजन बन जाता है जिसे इस त्योहार के मौसम में ज़रूर चखना चाहिए।

**दही वड़ा**

यह व्यंजन सभी को बहुत पसंद आता है और इसे लोग बचपन की मस्ती में अपने करीबी दोस्तों पर रंगीन पाउडर और पानी छिड़कते हुए खाते हैं। दही वड़ा बनाने के लिए दाल के घोल को नरम और कुरकुरा होने तक तलना पड़ता है। इन स्वादिष्ट पकौड़ों को ठंडे दही में डुबोकर इमली-पुदीने की चटनी, चुटकी भर चाट मसाला और जीरा पाउडर के साथ परोसा जाता है।

**गुजिया**

अगर आपको होली के तले हुए पकवान पसंद हैं, तो गुजिया आपके लिए ही है। यह मिठाई अर्धचंद्राकार आकार की होती है, जिसे परिष्कृत आटे से बनाया जाता है, जिससे इसकी बाहरी परत कुरकुरी और परतदार हो जाती है। मेवों से भरी इस परत के अंदर खोया (दूध के ठोस पदार्थ), चीनी और बादाम, पिस्ता और काजू जैसे सूखे मेवों की मीठी और लजीज भराई होती है।

**धुस्का**

झारखंड के आदिवासी बहुल इलाके से मशहूर है धुस्का। यह चावल और चने की दाल से बना एक स्वादिष्ट नाश्ता है। इसे बनाने के बाद, घोल को सुनहरा भूरा होने तक तला जाता है। धुस्का को गरमागरम तवे से उतारकर मसालेदार आलू की करी या चटनी के साथ खाया जाता है।

**रंगा दिमा**

असम में रंगा दिमा का अर्थ है लाल अंडे। यह होली के अवसर पर क्षेत्र में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक व्यंजन है, जिसे दौल उत्सव के उपलक्ष्य में बनाया जाता है। यह व्यंजन सरल होते हुए भी मसालेदार होता है, जो इस त्योहारी मौसम में स्वाद को विविधता प्रदान करता है। इसे बनाने के लिए उबले हुए अंडों पर हल्दी, नमक और लाल मिर्च पाउडर लगाकर उन्हें अच्छी तरह से तला जाता है।

# होली पर लड़कियों को जरूर फॉलो करने चाहिए ये 7 सेफ्टी टिप्स

होली रंग, मस्ती और खुशियों का त्योहार है। लेकिन मस्ती के इस त्योहार का मजा उस समय बदरंग हो जाता है, जब हुड़दंग की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व लोगों को परेशान करने लगते हैं। भीड़भाड़ और गुलाल के पीछे छिपे इन 'मनचलों' से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर लड़की को ये 7 बातें जरूर ध्यान रखनी चाहिए। इन 7 होली सेफ्टी टिप्स को ध्यान में रखने से आप बिना किसी डर और परेशानी के रंगों के उत्सव होली का मजा ले पाएंगी। आइए जानते हैं क्या है होली के दौरान बरती जाने वाली ये 7 सावधानियां।

### समूह में ही बाहर निकलें

होली खेलने के लिए कभी भी अकेले सुनसान रास्तों पर न निकले। हमेशा अपने दोस्तों या परिवार के साथ ही होली खेलें। हुड़दंगी अक्सर अकेले व्यक्ति को देखकर ही बदतमीजी करने की हिम्मत जुटाते हैं।

### अनजान लोगों से दूरी बनाएं

अक्सर 'बुरा न मानो होली है' का जुमला कहकर असामाजिक तत्व करीब आने की कोशिश करते हैं। यदि कोई जबरदस्ती रंग लगाने की कोशिश करे या आपको असहज महसूस करवाए, तो तुरंत वहां से हटते हुए स्पष्ट रूप से 'ना' कहें।

### होली खेलने के लिए सुरक्षित स्थान का चुनाव करें

होली खेलने के लिए कोशिश करें कि अपनी ही सोसाइटी, मोहल्ले या किसी सुरक्षित जगह का चुनाव करें। होली खेलने के लिए सड़क या ऐसे इलाकों में जाने से बचें जहां शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के होने की संभावना बनी रहती हो।

### मोबाइल पर इमरजेंसी नंबर सेव रखें

अपने फोन को वॉटरप्रूफ पाउच में रखें और स्पीड डायल पर परिवार या पुलिस (100/112) का नंबर सेव रखें। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत मदद के लिए शोर मचाएं और आसपास के लोगों को सूचित करें।

### पहनावे पर दें ध्यान

होली खेलने के लिए हमेशा ऐसे कपड़े पहनें जो आरामदायक होने के साथ आपकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हों। बहुत ज्यादा ढीले या पारदर्शी कपड़े पहनने से बचें। ऐसे कपड़े रंग और पानी के संपर्क में आने के बाद आपको असहज महसूस करवा सकते हैं।

### नशे में डूबे लोगों से बचकर रहें

होली के दिन भांग या शराब के नशे में धुत लोग अक्सर अपनी मर्यादा भूल जाते हैं। ऐसे लोगों के समूहों को देखते ही अपना रास्ता बदल लेने में ही समझदारी है। बहस करने से मामला बिगड़ सकता है।

# हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ



हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ,
क्योंकि मुझे अपनी संस्कृति से प्यार है।
सुबह की पहली किरण के साथ ही ईश्वर के
दर्शन कर लेती हूँ,
उनके चरणों में नतमस्तक होकर श्रद्धा के
फूल चढ़ाती हूँ,
और अपना दिन सँवार लेती हूँ।

हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ—
माता-पिता, सास-ससुर की तस्वीर के आगे
शीश झुकाकर
उनका आशीष माँग लेती हूँ।
ये मेरे संस्कारों की महक है,
मेरे घर की पहचान है।

बड़ों से ऊँची आवाज़ में बोलना अच्छा नहीं
लगता,
उनसे बहस करना मेरा स्वभाव नहीं।
ध्यान और धैर्य से उनकी बातें सुनती हूँ,
और यदि कोई बात अच्छी नहीं लगे तो बाद
में बड़े
स्नेह से समझा देती हूँ—
क्योंकि रिश्तों में तकरार नहीं, मधुरता को
स्थान देती हूँ।

किसी भी नशे की गुलाम नहीं हूँ,
न शराब को आधुनिकता की पहचान मानती हूँ।
मेरे लिए आधुनिक बनने का अर्थ
चरित्र, विचार और व्यवहार में निखार है—
शराब के पैमाने पर नहीं।

बेटा-बेटी मेरे लिए समान हैं,
पर देर रात तक उनका अकेले बाहर घूमना
मुझे आज भी नहीं सुहाता।
हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ।
शिक्षा की पक्षधर हूँ,
पर साथ में संस्कारों की पाठशाला भी ज़रूरी
मानती हूँ।
आधुनिकता के नाम पर फूहड़पन
मेरे मन को नहीं भाता।

मेरे लिए आधुनिकता हैं
व्यवहार में विनम्रता,
दूसरों को सम्मान देना,
अपनी संस्कृति को संजोना,
उदार विचारों की गर्माहट फैलाना।

लिव-इन रिलेशन संबंधों का अर्थ आज भी
पूर्ण रूप से समझ नहीं पाती,
क्योंकि ज़िम्मेदारियों से भागना मेरे मन को
नहीं सुहाता।
मेरे लिए शादी कोई बंधन नहीं,
बल्कि पवित्र अग्नि की साक्षी में लिए गए सात
फेरे हैं,
जो जन्म-जन्मांतर तक साथ निभाने की सीख
देते हैं—
इन्हीं से घर की नींव बसती है।

तनाव की छोटी लहरों पर
तलाक का तूफ़ान खड़ा कर देना—
मेरी समझ में नहीं आता।
घर तो त्याग, धैर्य और संवेदनशीलता से
बनते हैं;
बच्चों का भविष्य भी
इन्हीं चार दीवारों की मजबूती पर टिकता हैं।
हाँ, कोई बड़ा कारण हो, तो बात अलग,
पर छोटी-छोटी बातों पर अलग हो जाना,
मन को अच्छा नहीं लगता।

हमारी माँ, दादियाँ, नानियाँ—
कम साधनों में भी हमसे कहीं अधिक खुश
रहती थीं।
संतोष उनका आभूषण था,
सम्मान उनका स्वभाव,
और परिवार को जोड़ने की अद्भुत क्षमता
उनकी पहचान।
घर की चारदीवारी में रहकर भी अपने
धार्मिक और सामाजिक जीवन को वे पूर्णता से
जी लेती थीं।

आज सब कुछ है,
फिर भी रिश्तों में अजीब-सा खालीपन,
भावनाओं में दूरी, संवाद में कड़वाहट।
क्यों न थोड़ा सामंजस्य बिठाएँ—
कुछ पुराना संभालें, कुछ नया अपनाएँ,
रिश्तों में मधुरता घोलें,
प्यार से जीवन सँवारें।

बेटियों को आकाश दें,
उनकी सहेली बनें,
उनका हाथ थामें।
पर स्त्री-पुरुष को प्रतिस्पर्धा का मैदान क्यों
बनाएँ?
दोनों की अपनी-अपनी महिमा है—
न कोई कम, न कोई अधिक।

हाँ, मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ,
पर आधुनिकता से दूर नहीं।
अपना व्यक्तित्व गढ़ती करती हूं , अपना
अस्तित्व सँवारती हूँ,
पर परिवार को साथ लेकर चलती हूँ।
'मैं' से अधिक 'हम' में विश्वास रखती हूँ।

संस्कार मेरी धरोहर हैं,
शालीनता मेरी पहचान,
और मुझे इस पर गर्व है।

हाँ मैं कुछ-कुछ पुराने ख़यालों की हूँ।

**-मंजू लोढ़ा, स्वरचित**

# दुर्ग में आस्था का सैलाब : पहली बार निकली प्रदेश की सबसे बड़ी निशान यात्रा, 1300 से अधिक भक्तों ने उठाए श्याम ध्वज





**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग आज पूरी तरह से 'श्याम रंग' में सराबोर नजर आई। फाल्गुन एकादशी के पावन अवसर पर शहर में पहली बार प्रदेश की सबसे बड़ी भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस अलौकिक यात्रा में 1300 से अधिक श्याम प्रेमियों ने हाथों में निशान ध्वज थामकर पदयात्रा की, जिससे पूरा शहर भक्ति के माहौल में डूब गया।

**सत्तीचौरा से कादंबरी नगर तक गूंजे जयकारे**-निशान यात्रा का शुभारंभ गंजपारा स्थित श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर से हुआ। यात्रा से पूर्व मंदिर में बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात भक्तों का हुजूम हाथों में लाल, पीले और केसरिया ध्वज लेकर श्री श्याम मंदिर, कादंबरी नगर की ओर रवाना हुआ।

**आकर्षक झांकियां और फूलों की वर्षा**-आयोजन समिति के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा 'बंटी' ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा में बाबा श्याम की मनमोहक चलित झांकी, भव्य रथ-बग्गी और राधा-कृष्ण के स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। घोड़े और बग्गियों के साथ निकली इस यात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर राहगीरों की भीड़ बाबा की एक झलक पाने के लिए लालायित दिखी।

**शीश के दानी को अर्पित किए 'विजय के प्रतीक'**-मान्यता है कि धर्म की जीत के लिए अपना शीश दान करने वाले महाबलिदानी बाबा श्याम को 'निशान' चढ़ाना उनकी विजय का प्रतीक है। भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए नारियल और मोरपंख से सजे इन निशानों को लेकर पदयात्रा करते हैं। कादंबरी नगर स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अपने निशान अर्पित किए और बाबा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

**भक्ति में डूबा नारी और युवा शक्ति**-इस भव्य आयोजन में शहर की सैकड़ों महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्याम भजनों की धुन पर नाचते-गाते भक्तों के उत्साह ने दुर्ग को 'मिनी खाटू' का स्वरूप दे दिया। देर शाम तक चले इस उत्सव ने दुर्ग के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया है।

# सावधान : अगर किसी ने होली पर हुड़दंग एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की तो खैर नही

## पुलिस की पैनी नजर होगी सब पर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को दिए दिशा-निर्देश

**दुर्ग।** सावधानः अगर किसी ने होली पर हुड़दंग एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की तो खैर नहीं क्योंकि पुलिस की पैनी नजर सब पर होगी इसके लिए पुलिस के आला अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु , जिला दुर्ग द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए है । निर्देशानुसार थाना धमधा, बोरी, लिटिया, जेवरा सिरसा, खुरसीपार, पाटन, उतई, पुलगांव, अंजोरा, नगपुरा, कुम्हारी, रानीतराई एवं सुपेला क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों से समन्वय स्थापित किया गया।

बैठक में विशेष दिशा-निर्देश

*. सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों का चिन्हांकन कर विशेष गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित करें।*. शांति समिति बैठकों के माध्यम



से नागरिकों को हुड़दंग न करने एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रेरित करें।

*. साउंड सिस्टम हेतु विधिवत अनुमति अनिवार्य होगी तथा रात्रि 10:00 बजे के पश्चात उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

*. मुखौटा, वार्निश पेंट स्प्रे एवं रासायनिक/केमिकल युक्त रंगों के उपयोग पर रोक सुनिश्चित की जाए।

*. होलिका दहन विद्युत तारों के नीचे अथवा नवीन डामर सड़कों पर न किया जाए।

*. अवैध मद्य/मादक पदार्थ विक्रय एवं सेवन पर आबकारी अधिनियम/एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही की जाए।

*. ,अधिक गहरे तालाबों में गोताखोर रखा जाए और एस.डी.आर.एफ और फायर ब्रिगेड की टीम से समन्वय बना के रखे ताकि आपात स्थिति में मदद ली जा सके ।

*. निगरानी/गुंडा बदमाशों को थाने तलब कर बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार धारा 126,135(3),128,129,170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए।

*. फरार एवं सक्रिय बदमाशों का सत्यापन राजपत्रित अधिकारी स्तर से कर बाउंड ओवर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

*. पूर्व में चाकूबाजी/गंभीर घटनाओं वाले चौक-चौराहों एवं संभावित घटना स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

*. बाइक पेट्रोलिंग (हेलमेट एवं सुरक्षा उपकरण सहित) एवं चार पहिया वाहनों से सतत गश्त सुनिश्चित की जाए।

*. सोशल मीडिया की सतत मॉनिटरिंग कर अफवाह फैलाने अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाए।

*. थाना स्तर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपलब्ध रहें तथा किसी भी शिकायत या सूचना पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

*. पुलिस नियंत्रण कक्ष 24म7 सक्रिय रखा जाए तथा फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाए रखा जाए।

*. काउंटर अपराधों में बाउंड ओवर कार्यवाही, पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड का परीक्षण एवं लंबित वारंट/प्रतिबंधात्मक प्रकरणों में प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**दुर्ग पुलिस की अपील**-दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। नियमों का पालन करें तथा किसी भी अवैध गतिविधि, हुड़दंग या संदिग्ध घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी

# शराब घोटाला : सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत, लेकिन फिलहाल जेल में ही रहेंगी 'डिप्टी सेक्रेटरी'

**बिलासपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पूर्व डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को शनिवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली है, हालांकि यह जमानत कड़ी शर्तों के साथ दी गई है। शर्तों की पेचीदगियों के चलते फिलहाल उनका जेल से बाहर आना मुश्किल नजर आ रहा है।



### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुई सुनवाई

बता दें कि हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में याचिका खारिज किए जाने के बाद सौम्या चौरसिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को उन्हें वापस हाईकोर्ट जाने का निर्देश देते हुए मामले की प्राथमिकता से सुनवाई करने और दो सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का आदेश दिया था। इसके बाद सौम्या ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) और आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं।

### 6 बार हिरासत और राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप

सुनवाई के दौरान सौम्या चौरसिया के वकील ने दलील दी कि केंद्र और राज्य की जांच एजेंसियां राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बार-बार नई FIR दर्ज कर रही हैं। कोर्ट को बताया गया कि उन्हें अब तक 6 बार हिरासत में लिया जा चुका है।

### कोयला घोटाले में पहले ही मिल चुकी है राहत

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरीं सौम्या चौरसिया को सबसे पहले कोयला घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक सलाखों के पीछे रहने के बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन जेल से बाहर आने से पहले ही ED और EOW ने उन्हें आबकारी (शराब) घोटाले में गिरफ्तार कर लिया था। हाईकोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद अब सबकी निगाहें जमानत की शर्तों और जांच एजेंसियों के अगले कदम पर टिकी हैं।

# होली में असामाजिकता फैलाने वाले और शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कारवाई : तारेश साहू

**भाटापारा।** होली पर्व मे शहर मे शांति व्यवस्था व सुरक्षा को कायम रखने हेतु शहर के आम गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति मे शांति समिति कि बैठक आयोजित किया गया बैठक मे एसडीओपी तारेश साहू ने अपील करते हुये कहा कि पारम्परिक त्यौहार होली को आपसी भाईचारे व शालीनता के साथ मनाये व शांति व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल भी मांगा गया है जिससे पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखा जायेगा, खास उन गुन्डे बदमाशों पर कडी निगरानी रहेगी जो आदतन बदमाशी करते है वही शराब के अवैध रुप से तस्करी व कारोबार करने वालों पर भी कडी कारवाई किया जायेगा वही किसी पर भी जबर्दस्ती रंग गुलाल नही लगाने कि बात कही वही ग्रुप बनाकर दहशत मचाने वालों पर भी कारवाई करने कि



बात कही उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले व समाज विरोधी कार्य करने वालों पर भी कडी कारवाई किया जायेगा वही शहर के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्राम व शहर के वार्डो मे पुलिस कि विशेष गश्त व तैनाती भी रहेगी व ग्रामीण क्षेत्रों मे गुंडागर्दी करने वालों को बर्दाश्त नही किया जायेगा वही दारू पीकर हुल्लड़ बाजी करने वालों पर भी कारवाई किया जायेगा। वही एसडीएम श्यामा पटेल ने पालकों से अनुरोध किया है कि कम उम्र के बच्चों को होली मे दोपहिया वाहन चलाने के लिये नही देवे शहर कि शांति व्यवस्था व सुरक्षा हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है वही शहर थाना प्रभारी अमित पाटले ने कहा कि होली मे मुखोटा बेचना व विक्रय किया जाना प्रतिबंधित है अतः दुकानदार होली के समानों मे प्रतिबंधित समानो का विक्रय ना करे अन्यथा कारवाई किया जायेगा।

### ग्रामीण क्षेत्र मे अपराध रोकना पंच-सरपंच कोटवार व आम ग्रामीणों की जवाबदारी

ग्रामीण थाना प्रभारी ने ग्रामीण थाने आयोजित प्रेस वार्ता मे कहा होली के पर्व को शांति व शालीनता से मनाया जाना हम सबकी जवाबदारी है अगर गाँव मे अपराध हो रहा है तो पुलिस के आते तक विवाद को थामे रखने कि जवाबदारी पंच सरपंच कोटवार व आम ग्रामीणों कि है साथ ही कोई अपराध करता है व अवैध शराब बेचता है तो उसके फोटो व विडियों एवीडेंस के रुप मे बनाकर रखे जिस पर पुलिस प्रशासन कडी कारवाई करेगा।

# दुर्ग में गरजी युवा कांग्रेसः राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर भड़के कार्यकर्ता

## पटेल चौक पर फूंका पीएम का पुतला




**दुर्ग ।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में आज पूरे देश के साथ-साथ दुर्ग में भी भारी आक्रोश देखने को मिला। जिला युवा कांग्रेस दुर्ग (ग्रामीण) ने इस गिरफ्तारी को 'अलोकतांत्रिक' करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पटेल चौक पर जमकर हुआ प्रदर्शन-जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष जयंत देशमुख के दिशा-निर्देश में शनिवार दोपहर 12 बजे भारी संख्या में कार्यकर्ता पटेल चौक पर एकत्रित हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पुतला छीनने को लेकर हल्की झूमाझटकी भी हुई।

**लोकतंत्र की हत्या कर रही है सरकार'**-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री लोकतंत्र की हत्या करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और यह युवाओं की आवाज को दबाने का एक विफल प्रयास है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को तत्काल और बिना शर्त रिहा किया जाए।

***युवाओं ने दी चेतावनी***-उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि केंद्र की ÷दमनकारी नीतियों÷ से युवा कांग्रेस डरने वाली नहीं है। अगर हमारे नेता की रिहाई जल्द नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में दुर्ग ग्रामीण के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रंगभरी एकादशी पर मदमस्त हुई 'लहुरी काशी' : शिवगणों संग निकले बाबा कोटेश्वर, भस्म और गुलाल से सराबोर हुआ शहर

**गाजीपुर।** धर्मनगरी काशी की तर्ज पर लहुरी काशी (गाजीपुर) में भी फाल्गुन का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर आज पूरा शहर महादेव की भक्ति और अबीर-गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आया। बाबा चीतनाथ के दरबार से निकली कोटेश्वर नाथ महादेव की भव्य झांकी ने उत्सव को यादगार बना दिया।

**पालकी में विराजे महादेव, झूम उठे शिवगण**-शुक्रवार सुबह चीतनाथ घाट से बाबा कोटेश्वर महादेव की पालकी शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। झांकी में देव स्वरूपों के साथ-साथ भूत-प्रेत के मुखौटे लगाए शिवगण आकर्षण का केंद्र रहे। डमरू की थाप और डीजे पर बजते शिव भजनों ने भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। महादेव और माता गौरा के प्रतिमा स्वरूप रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दे रहे थे, जिन पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल और गुलाल बरसाकर स्वागत किया।

**भस्म और सुगंधित रंगों से खिली होली**-यह भव्य यात्रा चीतनाथ घाट से प्रारंभ होकर बूढ़ेनाथ महादेव पहुंची, जहां भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद रायगंज स्थित अमरनाथ महादेव मंदिर में पुजारियों ने बाबा की विशेष आरती कर माल्यार्पण किया। गोईजीतर स्थित अभयेश्वर नाथ महादेव में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद यात्रा मिश्रबाजार और झुन्नूलाल चौराहा होते हुए वापस चीतनाथ घाट पहुंची।

**उत्साह में डूबे बच्चे और बुजुर्ग**-रंगभरी एकादशी के इस मौके पर सुगंधित भस्म और रंग-बिरंगे गुलाल से पूरी फिजा रंगीन हो गई। नगर के संभ्रांत नागरिकों सहित युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी इस 'होली के आगाज' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चहुंओर महादेव के जयकारों और अबीर के बादलों के बीच लहुरी काशी का हर कोना भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं : शिवरतन

**भाटापारा।** प्रदेश के अन्नदाताओं के खाते में खुशियाँ पहुंची है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार का हर निर्णय किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान के अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण, 10,000 करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंचाना ऐतिहासिक कदम है। यह अन्नदाता के परिश्रम का सम्मान है। मैं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, यह निर्णय किसान हितैषी सोच और दृढ़ नेतृत्व का प्रमाण है। प्रदेश के सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उक्त बाते वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा अंतर्गत दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित कृषक उन्नति योजना,आदान राशि वितरण समारोह



में सम्मिलित होकर कृषको से संवाद कर कही। शिवरतन शर्मा ने कहा की यह राशि किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, त्योहारों की खुशियों से पहले सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण का यह संकल्प सुनिश्चित किया कि इस बार अन्नदाताओं की होली समृद्धि के रंगों से सराबोर हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की होली पर्व के अवसर पर यह सहयोग किसान परिवारों के जीवन में समृद्धि का रंग भरेगा और उनका त्योहार और भी अधिक खुशहाल होगा, धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं और सुशासन की यह सरकार प्रदेश के किसानों को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य देने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिलापंचायत सभापति राजा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, राजेश पटेल, ठाकुर राम साहू, राजू यादव, सतीश सोनी, रोहित साहू, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, सेवक साहू, लेखु वर्मा, बूधेश्वर वर्मा, भरत साहू, भोला देवांगन, संतोष चक्रधारी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व अन्नदाता कृषक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com